

21:02:2024
web: www.rashtriyakhabar.com

अखबार जो बदल दे नजरिया
# राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 15 अंक ›› 051 epaper.rashtriyakhabar.com माघ, शुक्लपक्ष द्वादशी, विक्रम संवत 2080

**विदुर नीति**

अव्याहृतं व्याहृताच्छ्रेय आहुः सत्यं वदेद्व्याहृतं तद्द्वितीयम्।
प्रियं वदेद्व्याहृतं तत तृतीयं धर्म्यं वदेद्व्याहृतं तच्चतुर्थम्॥

भावार्थ : बोलने की अपेक्षा चुप रहना श्रेष्ठ है। चुप रहने की अपेक्षा सत्य बोलना श्रेष्ठ है। सत्य कहना वाणी की दूसरी विशेषता है। सत्य भी यदि प्रिय शब्दों में कहा जाये तो यह तीसरी विशेषता है। वह प्रिय सत्य धर्म के अनुकूल भी रहे तो यह चौथी विशेषता है।

**रांची पारा अपडेट**

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 31.00 °c | 16.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 17.47 बजे
सूर्योदय (कल) ›› 06.17 बजे

**राष्ट्रीय खबर संक्षिप्त हलचल**

## सोनिया, गरासिया एवं राठौड़ निर्विरोध निर्वाचित

**जयपुर:** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्व मंत्री चुन्नी लाल गरासिया एवं पूर्व विधायक मदन राठौड़ मंगलवार को यहां राजस्थान से राज्यसभा द्विवार्षिक चुनाव- 2024 में निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। विधानसभा में राजस्थान विधानसभा के प्रमुख सचिव एवं राज्यसभा के निर्वाचन अधिकारी महावीर प्रसाद शर्मा ने कांग्रेस की उम्मीदवार सोनिया गांधी तथा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार चुन्नी लाल गरासिया एवं मदन राठौड को निर्वाचित घोषित किया। उल्लेखनीय है कि राजस्थान से इस चुनाव में तीन सीटों के लिए इन तीनों उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए थे। मंगलवार को नाम वापस लेने के आखिरी दिन तीनों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया और 27 फरवरी को चुनाव कराने की जरूरत ही नहीं पड़ी।

## रूस के खिलाफ प्रतिबंध एक वर्ष के लिए बढ़ाये

**मॉस्को:** यूरोपीय संघ (ईयू) ने चार नए क्षेत्रों को अपने अधिकार क्षेत्र में शामिल करने के कारण रूस के खिलाफ लगाये गये प्रतिबंधों को एक और वर्ष के लिए 24 फरवरी 2025 तक बढ़ा दिया है। यूरोपीय संघ के आधिकारिक जर्नल में मंगलवार को प्रकाशित एक दस्तावेज के मुताबिक 2022 से लागू यह निर्णय 24 फरवरी, 2025 तक लागू रहेगा। निर्णय प्रकाशित होने के अगले दिन से प्रभावी होगा। दस्तावेज में कहा गया कि अतिरिक्त उपाय लागू किए जा सकते हैं और मौजूदा उपायों को बढ़ाया जा सकता है।

## मराठा आरक्षण विधेयक पारित

**मुंबई:** महाराष्ट्र विधानसभा ने मंगलवार को सर्वसम्मति से मराठा आरक्षण विधेयक पारित कर दिया, जो शिक्षा और सरकारी नौकरियों दोनों में मराठा समुदाय को 10 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करेगा। महाराष्ट्र राज्य सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़ा वर्ग विधेयक 2024 के लागू होने के एक दशक बाद इसकी व्यापक समीक्षा की जायेगी। महाराष्ट्र राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने आज इस मामले में एक व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत की और राज्य मंत्रिमंडल ने इसे अनुमोदित कर दिया। लगभग 2.5 करोड़ परिवारों को कवर करने वाले व्यापक सर्वेक्षण पर आधारित यह रिपोर्ट मराठा समुदाय के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक पिछड़ेपन पर प्रकाश डालती है।

## कांग्रेस नेता ने की मोदी की आलोचना

**हैदराबाद:** कांग्रेस के प्रमुख नेता शुजात अली ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की खाद्य गारंटी योजना की आलोचना की और दावा किया कि इस योजना में खुले तौर पर यह स्वीकार किया गया है कि 80 करोड़ लोगों को अगले पांच वर्षों तक गरीब रखा जायेगा। श्री अली ने हैदराबाद में एक बयान जारी कर आरोप लगाया कि जहां श्री मोदी भारत को सात ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का दावा करते हैं, वहीं उनका लक्ष्य मुफ्त भोजन प्रदान करना है, ताकि देश की आबादी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा गरीब बना रहे। श्री अली ने आशा व्यक्त की कि आगामी लोकसभा चुनावों में मतदाता राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को दृढ़ता से खारिज कर देंगे और दावा किया कि इंडी गठबंधन विजयी होगा। उन्होंने कहा, इंडी गठबंधन शानदार प्रदर्शन के साथ सामने आएगा।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**आदेश** भाजपा की दोहरी कोशिशों पर एक साथ फिर गया पानी

# सुप्रीम कोर्ट का फैसला आप प्रत्याशी के पक्ष में

- इन्हीं मतपत्रों की दोबारा गिनती होगी
- आप के प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित
- अनिल मसीह पर कार्यवाही प्रारंभ

**राष्ट्रीय खबर**

**नईदिल्ली:** भाजपा की दोहरी साजिशों को सुप्रीम कोर्ट ने एक साथ धराशायी करते हुए चंडीगढ़ मेयर चुनाव का फैसला सुना दिया। भाजपा ने पहले चुनाव अधिकारी के जरिए विरोधी पक्ष के आठ वोट अवैध घोषित कराये थे। उसके बाद जब भाजपा को लगा कि मामला फंस जाएगा तो उन्होंने आम आदमी पार्टी के तीन पार्षदों को अपने पक्ष में कर लिया। इससे समझा गया था कि अगर फिर से चुनाव होता है तो संख्याबल भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में ही होगी।

शीर्ष अदालत ने पूरे मामले पर दो दिन तक विचार करने के बाद यह फैसला सुनाया है कि पीठासीन अधिकारी द्वारा निशान लगाये गये सभी आठ मतपत्र आप के मेयर प्रत्याशी के पक्ष में गिने जाएंगे उच्चतम न्यायालय ने चंडीगढ़ महापौर के 30 जनवरी को हुए चुनाव में चुनाव अधिकारी द्वारा गलत तरीके से निशान लगाए और फिर अवैध घोषित किए गए मतपत्रों को मंगलवार को वैध घोषित करते हुए कहा कि वह फिर से उनकी गिनती करने का निर्देश देगा। दोबारा उन्हीं मतपत्रों की गिनती का परिणाम क्या निकलेगा, यह स्पष्ट है। इसलिए आप से भाजपा में गये तीन पार्षदों का भी कोई फायदा अब भारतीय जनता पार्टी को नहीं मिल पायेगा।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ तथा न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि चंडीगढ़ महापौर चुनाव में चुनाव अधिकारी अनिल मसीह द्वारा चिह्नित किए गए सभी आठ मतपत्र आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार के पक्ष में हैं। शीर्ष अदालत ने सोमवार को इस मामले में पंजाब सरकार की उस याचिका को भी अनुमति देने का संकेत दिया, जिसमें बदली हुई परिस्थितियों के मद्देनजर नए सिरे से मतदान के बजाय मतों की दोबारा गिनती की अनुमति देने की गुहार लगाई गई थी। पीठ ने गत 30 जनवरी को हुई

›› पेज 2 भी देखें



**सुप्रीम कोर्ट ने वोटों की गिनती देखने का आदेश देकर इतिहास रच दिया**

सुप्रीम कोर्ट ने आज चंडीगढ़ के मेयर चुनाव के अंतिम चरण को अदालत कक्ष में देखने और वोटों की गिनती देखने का आदेश देकर इतिहास रच दिया। इसके अंत में निर्णायकों द्वारा आम आदमी पार्टी के कुलदीप कुमार को मेयर घोषित किया गया। भाजपा की दोबारा चुनाव कराने की अपील भी अदालत द्वारा ठुकरा दी गई। अदालत ने अब अधिकारी अनिल मसीह के खिलाफ अदालत की अवमानना की कार्यवाही शुरू करने का निर्देश दिया है। कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है और उन्हें तीन सप्ताह के भीतर पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय में जवाब दाखिल करने के लिए कहा गया है। 30 जनवरी के चुनाव के बाद मतपत्रों के साथ छेड़छाड़ के एक वीडियो पर बड़े पैमाने पर विवाद के मद्देनजर रिटर्निंग ऑफिसर को पहले भाजपा के अल्पसंख्यक सेल के सदस्य के रूप में हटा दिया गया था। चंडीगढ़ मेयर चुनाव मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, जो आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख भी हैं, ने कहा कि यह संविधान और लोकतंत्र की जीत है। केजरीवाल ने कहा, देश में हालात ऐसे हैं कि तानाशाही चल रही है। लोकतंत्र को कुचला जा रहा है। सभी संस्थाओं को रौंदा जा रहा है। ऐसे समय में सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला लोकतंत्र के लिए बहुत मायने रखता है।

सीसीटीवी में कैद हुआ दृश्य तो लोगों को जानकारी मिली

# भूखे गजराज ने खा ली हजारों की मिठाई



- शराब दुकान में भी तोड़ फोड़ की
- सुपारी खाने का भी अभ्यास किया
- इलाके में पहली बार घटी ऐसी घटना

**राष्ट्रीय खबर**

**अलीपुरद्वार:** इस बार आस पास के जंगलों से निकलने वाले हाथी इलाके में घुसकर चावल, सब्जियां खा रहे हैं और फसलों को बर्बाद कर रहे हैं, ऐसा दृश्य कोई बहुत नया नहीं है। जंगल से सटे इलाके के लोग साल भर गजराज से प्रभावित रहते हैं। लेकिन इस बार अलीपुरद्वार के मदारीहाट के निवासियों ने हाथी का एक और उत्पात देखा। हाथी ने मिठाई की दुकान का शटर तोड़ा और रसगुल्ले से भरा बर्तन खा गया। रसगुल्ले का कितना लालची है गजराज! घटना शुक्रवार को नहीं हुई तो किसे पता था? जलदापाड़ा निवासी एक बड़े हाथी ने शुक्रवार आधी रात को अलीपुरद्वार के मदारीहाट स्कूल चौपथी इलाके में उत्पात मचाया। वह मिठाई की दुकान में प्रवेश करता है और रसगुल्ले के बर्तन से मिठाई लेता है। वहां से वह सुपारी की दुकान में घुसा और वहां भी सुपारी खाई। गजराज का चेहरा लाल हो गया अलीपुरद्वार।

पहले तो लोगों को हाथी की इस हरकत का पता नहीं चल पाया था। सीसीटीवी में कैद पूरी घटना से सच्चाई सामने आयी। दुकान के मालिक ने दावा किया कि हाथी हजारों रुपये की मिठाई खा गया। हाथी जलदापारा नेशनल पार्क के जंगल का रहने वाला है। जंगल से निकलकर वह रात करीब 2 बजे राजेश वनिक की मिठाई की दुकान में घुस गया। हाथियों की सूंघने की क्षमता बहुत तेज होती है। दूर से भी अलग-अलग गंधों को पहचान सकता है। शायद मिठाई की

›› पेज 2 भी देखें

एसकेएम ने केंद्र सरकार के प्रस्ताव को नकारा, दिल्ली कूच करेंगे

# एमएसपी पर केंद्र के प्रस्ताव में पारदर्शिता नहीं

**राष्ट्रीय खबर**



**नईदिल्ली:** एसकेएम ने किसानों के लिए सरकार के प्रस्ताव को खारिज कर दिया। किसानों के संगठन ने कहा कि इस प्रस्ताव में कोई नई बात नहीं है, अगर प्रदर्शनकारी नेता सहमत हुए तो विरोध करेंगे। केंद्र ने गारंटी देने की पेशकश की है कि उसकी एजेंसियां 5 साल के लिए कपास, मक्का और कुछ दालें एमएसपी पर खरीदेंगी। एसकेएम का कहना है कि सरकार एमएसपी और किसानों की अन्य मांगों की गणना के फॉमूर्ले पर चुप है। एसकेएम, जो पंजाब और हरियाणा सीमा पर चल रहे किसानों के विरोध का समर्थन करने से सावधान है, ने नेताओं का सक्रिय रूप से विरोध करने का फैसला किया है। रविवार रात हुई चौथे दौर की वार्ता में दिए गए केंद्र के प्रस्ताव पर सहमत होने की स्थिति में आंदोलन किया जाएगा। किसान नेताओं के साथ पांच घंटे की बैठक के बाद सोमवार तड़के मीडियाकर्मियों से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, नित्यानंद राय और पीयूष गोयल ने कहा कि सरकार ने गारंटी देने की पेशकश की है कि उसकी एजेंसियां न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कपास, मक्का और कुछ दालें खरीदेंगी। यह पांच साल की अवधि वाला प्रस्ताव है। हालाँकि, यह पेशकश उन किसानों तक ही सीमित थी जिन्होंने फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने के लिए पानी की अधिक खपत वाले धान की जगह इन फसलों को उगाने का विकल्प चुना।

वार्ता में भाग लेने वाले मौजूदा आंदोलन के प्रमुख नेताओं जगजीत सिंह डल्लेवाल और सरवन सिंह पंधेर ने मीडिया को बताया कि वार्ता सकारात्मक थी और उन्होंने कहा कि वे प्रदर्शन कर रहे अपने समर्थकों से बात करने के बाद प्रस्ताव पर अंतिम निर्णय लेंगे। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, जिन्होंने भी वार्ता में भाग लिया था, ने संवाददाताओं से कहा कि पांच साल का अनुबंध कानूनी गारंटी के

›› पेज 2 भी देखें

लद्दाख के नेताओं ने केंद्र सरकार के प्रतिनिधियों से भेंट की

# अलग राज्य और लोकसभा सीट पर सकारात्मक संकेत




**श्रीनगर:** लद्दाख के नेताओं ने राज्य के दर्जे और अतिरिक्त लोकसभा सीटों के लिए सरकार से मुलाकात की है। लद्दाख के नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्र के लिए राज्य का दर्जा, दो लोकसभा सीटों और क्षेत्र को संविधान की छठी अनुसूची के तहत लाने सहित अपनी मांगों पर जोर देने के लिए सोमवार को यहां सरकार के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। शीर्ष निकाय लेह (एबीएल) और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस (केडीए) के 14 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय की अध्यक्षता में लद्दाख के लिए उच्चाधिकार प्राप्त समिति (एचपीसी) से मुलाकात की। विचार-विमर्श से जुड़े एक सूत्र ने अधिक जानकारी दिए बिना कहा, बैठक में लद्दाख प्रतिनिधिमंडल की मांगों पर चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल की मांगें लद्दाख के लिए राज्य का दर्जा, दो लोकसभा सीटें (एक कारगिल के लिए और एक लेह के लिए), केंद्र शासित प्रदेश के निवासियों के लिए नौकरी के अवसर और छठी अनुसूची के तहत संवैधानिक सुरक्षा हैं। लद्दाख में वर्तमान में एक लोकसभा क्षेत्र है। लद्दाख, जिसमें अब कोई विधानसभा क्षेत्र नहीं है, पहले पूर्ववर्ती जम्मू और कश्मीर राज्य का हिस्सा था। जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को 5 अगस्त, 2019 को निरस्त कर दिया गया और तत्कालीन राज्य को जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया गया। जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार, जम्मू-कश्मीर को विधान सभा वाला केंद्र शासित प्रदेश और लद्दाख को बिना विधानसभा वाला केंद्र शासित प्रदेश बनाया गया है। पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर विधानसभा में लद्दाख से चार प्रतिनिधि थे।

शरद पवार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

# अजीत पवार से अदालत ने जबाव मांगा

**राष्ट्रीय खबर**



**नईदिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अजित पवार के गुट को प्रामाणिक राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के रूप में मान्यता देने के भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) के फैसले को चुनौती देने वाली शरद पवार की याचिका पर नोटिस जारी किया। पूर्व को अस्थायी राहत देते हुए, अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि अनुभवी राजनेता के नेतृत्व वाले गुट के लिए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरद चंद्र पवार का नाम देने का आयोग का 7 फरवरी का आदेश अगले आदेश तक जारी रहेगा। इसके अतिरिक्त, इसने उन्हें पार्टी चिन्ह के आवंटन के लिए ईसीआई से संपर्क करने की अनुमति दी है और चुनाव आयोग को आवेदन के एक सप्ताह के भीतर इसे आवंटित करने का निर्देश दिया है। जस्टिस सूर्यकांत और केवी विश्वनाथन की पीठ शरद पवार द्वारा दायर विशेष अनुमति याचिका पर सुनवाई कर रही थी। पिछले शुक्रवार को, इस याचिका का उल्लेख वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के समक्ष तत्काल सूचीबद्ध करने के लिए किया था, जिसमें आगामी महाराष्ट्र विधानसभा सत्र के दौरान शरद पवार को अजीत पवार से व्हिप का सामना करने के आसन्न जोखिम पर जोर दिया गया था। सिंघवी ने तात्कालिकता को रेखांकित करते हुए कहा कि शरद पवार के गुट को कोई भी पार्टी चिन्ह आवंटित नहीं किया गया है, जिससे वे अजीत पवार के निर्देशों के प्रति असुरक्षित हो गए हैं। आज सुनवाई के दौरान, सिंघवी ने अदालत से चुनाव आयोग द्वारा अनुमोदित अंतरिम व्यवस्था को जारी रखने का आग्रह किया।

ईसीआई ने कहा है कि अजीत पवार पक्ष ही असली एनसीपी है, लेकिन राज्यसभा चुनाव के लिए शरद पवार एक बार के उपाय के रूप में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरद चंद्र पवार' नाम का उपयोग कर

›› पेज 2 भी देखें

**अनुसंधान** जेनेटिक विज्ञान की दुनिया में नये शोध का परीक्षण सफलता हुआ

# कृत्रिम मांसपेशी 34 गुना अधिक बल उत्पन्न करता है

- इसके लिए द्रव्य स्विच विकसित
- संकीर्ण स्थानों पर भी कारगर है यह
- मरीजों की मांसपेशियों की परेशानी दूर होगी

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** सॉफ्ट रोबोट, चिकित्सा उपकरण और पहनने योग्य उपकरण हमारे दैनिक जीवन में प्रवेश कर चुके हैं। केएआईएसटी शोधकताओं ने आयनिक पॉलिमर कृत्रिम मांसपेशियों का उपयोग करके एक द्रव स्विच विकसित किया है जो अल्ट्रा-लो पावर पर काम करता है और अपने वजन से 34 गुना अधिक बल पैदा करता है। द्रव स्विच द्रव प्रवाह को नियंत्रित करते हैं, जिससे द्रव विभिन्न गतिविधियों को शुरू करने के लिए एक विशिष्ट दिशा में प्रवाहित होता है। दरअसल इंसानी गतिविधियों में निरंतर काम आने वाली मांसपेशियों की नकल करने की कवायद काफी पहले से चल रही थी। अब

›› पेज 2 भी देखें

**केएआईएसटी ने 4 जनवरी को घोषणा की कि**

केएआईएसटी ने 4 जनवरी को घोषणा की कि मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर इलक्वोन ओह के तहत एक शोध टीम ने एक नरम तरल पदार्थ स्विच विकसित किया है जो अल्ट्रा-लो वोल्टेज पर काम करता है और संकीर्ण स्थानों में उपयोग किया जा सकता है। कृत्रिम मांसपेशियां मानव मांसपेशियों की नकल करती हैं और पारंपरिक मोटरों की तुलना में लचीली और प्राकृतिक गति प्रदान करती हैं, जिससे वे नरम रोबोट, चिकित्सा उपकरणों और पहनने योग्य उपकरणों में उपयोग किए जाने वाले बुनियादी तत्वों में से एक बन जाती हैं। ये कृत्रिम मांसपेशियाँ बाहरी उत्तेजनाओं जैसे बिजली, वायु दबाव और तापमान परिवर्तन के जवाब में गति पैदा करती हैं, और कृत्रिम मांसपेशियों का उपयोग करने के लिए, इन गतिविधियों को सटीक रूप से नियंत्रित करना महत्वपूर्ण है।

एक तरफ आदिवासी समुदाय के फरमान और दूसरी तरफ सरकार की धमकी

# दो पाटों के बीच सरकारी कर्मचारी

- इंडिगो लाउंज में ब्राउन शुगर जब्त, दो गिरफ्तार
- पुलिस कैंप से हथियारों की लूट की मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश

**भूपेन गोस्वामी**



**गुवाहाटी:** एक जनजातीय संगठन द्वारा बंद का आह्वान करने का फरमान जारी किए जाने के बाद चुराचांदपुर जिले के जनजातीय क्षेत्र में सरकारी कार्यालय सप्ताह के पहले दिन काम के लिए नहीं खुल सके, ऐसा न करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सरकार की कड़ी चेतावनी के बावजूद ड्यूटी के लिए उपस्थित हों। मणिपुर सरकार ने एक आदेश जारी कर अपने कर्मचारियों को कार्यालयों में उपस्थित होने और अपने आधिकारिक कर्तव्यों का पालन करने का निर्देश दिया था, साथ ही चेतावनी दी थी कि आदेश का उल्लंघन करने वालों पर प्रासंगिक कानून के तहत मामला दर्ज किया जाएगा और मुकदमा चलाया जाएगा। सरकारी आदेश शक्तिशाली इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम (आईटीएलएफ) द्वारा जारी सार्वजनिक नोटिस या आदेश के सामने आया है, जिसमें घोषणा की गई है कि चुराचांदपुर जिले में स्थित सभी सरकारी कार्यालय 19 फरवरी से अगली सूचना तक बंद रहेंगे। बंद करने की धमकी से आहत होकर, मणिपुर के मुख्य सचिव विनीत जोशी ने रविवार को आदेश जारी कर सभी सरकारी कर्मचारियों को काम पर

›› पेज 2 भी देखें

## शहर >> अपडेट

### छापेमारी टीम पर हमला मामलें में दो गिरफ्तार

**वेस्ट बोकारो (घाटो):** वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र अंतर्गत कलाली मोड़ से पांच सौ मीटर की दूरी पर डीआईजी छापामारी दल पर हमले के मामलें में दो प्राथमिकी अभियुक्त को वेस्ट बोकारो ओपी पुलिस ने गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। इसकी जानकारी देते हुए थाना थानाध्यक्ष बलवंत दुबे ने बताया कि बसंतपुर निवासी महेंद्र महतो को हाउसिंग एवं डेगलाल महतो को बसंतपुर से मंगलवार की सुबह गिफ्तार कर लिया गया।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### यूसीडब्ल्यू जोनल कमिटी की बैठक

**बेरमो:** यूनाइटेड कॉल वर्कर्स यूनियन की बैठक जारंगडीह एटक कार्यालय में मंगलवार को यूनियन के जोनल अध्यक्ष कामरेड चंदशेखर झा की अध्यक्षता में किया गया, जबकि संचालन जोनल सचिव नवीन कुमार विश्वकर्मा ने किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि जेबीसीसीआई सदस्य सह उपाध्यक्ष लखनलाल महतो ने अपने संबोधन में कहा कि आगामी 2 मार्च2024 को कथारा ऑफिसर क्लब में यूनियन के कार्यकारिणी की मीटिंग होगी, जिस पर उन्होंने तीनो क्षेत्र के पदाधिकारियों को यूनियन की कार्यकारणी की बैठक को सफल बनाने पर विस्तृत चर्चा किया। इसके उपरांत सीआईएल वर्कस कमिटी के संबंध में विस्तृत जानकारी एवं ब्यौरा प्रस्तुत किए। मौके पर उपाध्यक्ष सुरेश शर्मा ,जोनल सचिव नवीन कुमार विश्वकर्मा, क्षेत्रीय सचिव मथुरा महतो, गणेश महतो ,भीम महतो, जवाहर यादव ,रामेश्वर गोप, रामविलास रजवार, बलराम नायक,मोहम्मद यूसुफ, देवाशीष रजवार, रामदास केवट, बलराम नायक ,लक्ष्मण यादव ,सीताराम यदु उरांव, नंदकिशोर प्रसाद, अर्जुन महतो,एस के आचार्य सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### डा प्रभाकर कुमार बने के बी कॉलेज के एन एस एस प्रोग्राम ऑफिसर

**बेरमो :** मंगलवार को डा प्रभाकर कुमार ने निवर्तमान एन एस एस प्रोग्राम ऑफिसर अमित कुमार रवि से पद भार ग्रहण कर लिया। उन्होंने कहा एन एस एस के उद्देश्यों के अनुरूप कार्य किए जायेंगे। यूनिट 1 के लिए 100 कर्मठ , सामाजिक दायित्वों के अनुरूप कार्य किए जाने वाले स्वयंसेवकों को उनकी रुचि अनुसार चयनित किया जायेगा और सामुदायिक कार्यो को प्राथमिकता के साथ गतिविधियां आयोजित किए जाएंगे। प्राचार्य लक्ष्मी नारायण समेत कॉलेज परिवार ने उन्हें बधाई व शुभ कामनाएं दी है। मौके पर प्रो गोपाल प्रजापति, डा अरुण कुमार रॉय महतो, डा साजन भारती, डा अलीशा वंदना लकड़ा, डा नीला पूणीर्मा तिर्की, डा मधुरा केरकेट्टा, प्रो नितिन चेतन तिग्गा, प्रो मनोहर मांझी, प्रो अमीत कुमार रवि, मो साजिद, रवि कुमार यादविंधु, शिव चन्द्र झा, बालेश्वर यादव आदि कॉलेज परिवार के सभी सदस्यों की उपस्थिति रही।

### शिव मंदिर के स्थापना दिवस पर किया गया विशेष पूजा का आयोजन

**बेरमो** :जरीडीह प्रखंड के तांतरी उत्तरी पंचायत के हरिश्वर धाम स्थित शिव मंदिर के स्थापना दिवस पर विशेष पूजा अनुष्ठान का आयोजन किया गया। यहां पुजारी कृष्ण मुरारी पांडेय एवं सहयोगी बलराम पांडेय ने वैदिक मंत्र उच्चारण कर पूजा अनुष्ठान यजमान आशीष मिश्रा एवं उनकी धर्मपत्नी वंदना मिश्रा से संपन्न करवाया। इसमें काफी संख्या में श्रद्धालू महिला पुरूष शामिल हुए। पूजा के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। जिसे सैंकडो लोगों ने ग्रहण किया। पूजा अनुष्ठान में उत्तर प्रदेश के वृंदावन से आए श्रीश्री रितेश्वर जी महाराज, मोर पंखी बाबा शामिल होकर भक्तों को आर्शिवाद दिया।

**मांग**

## ओएनजीसी प्रबंधन के वादाखिलाफी का कर रहे विरोध

# रैयतों का प्लांट के समक्ष धरना जारी

▶▶ हम रैयतो को नियोजन नहीं देना हमारे साथ घोर धोखा है



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो :** गोमिया प्रखंड अंतर्गत हजारी पंचायत ग्राम खुदगडडा में ओएनजीसी सीसीएस प्लांट बना है। प्लांट खुदगड्डा ग्रामीणों की जमीन पर प्लांट खड़ा है रैयतो का कहना है कि जमीन लेने से पूर्व हम लोगों ने ओएनजीसी प्रबंधन से सरकारी नौकरी की मांग की गई थी परंतु उस समय प्रबंधन ने यह आश्वासन दिया था कि नौकरी नहीं बल्कि किसी भी प्रकार की कॉन्टैक्टर कंपनी या अन्य अधिकार सर्वप्रथम प्राथमिकता रैयतो को दिया जाएगा। परंतु अभी लगभग 6 वर्ष बीत जाने के बावजूद भी प्रबंधन की ओर से किसी भी प्रकार का नियोजन अन्य प्रकार की प्राथमिकता नहीं दी गई है।

ओएनजीसी सीसीएस प्लांट के अंतर्गत कॉन्टैक्टर कंपनियां काम कर रही है हम रैयतो ने कॉन्टैक्टर कंपनियों से बात नियोजन को लेकर के कहीं तो वह कहते हैं कि आप ओएनजीसी कंपनी को जमीन दिए हैं आप ओएनजीसी कंपनी से बात करें और ओएनजीसी प्रबंधन से बात करते हैं तो कहां जाता है कि कंपनी कॉन्टैक्टर को दे दिए हैं। इसमें हम रैयतो को नियोजन नहीं देना हमारे साथ घोर धोखा है। इसलिए अब हमारे पास आंदोलन का अलावे कोई विकल्प नहीं है इसलिए हम रैयतो ने मिलकर का आंदोलन का निर्णय लिया है। आज धरना का दूसरा दिन है जब तक ओएनजीसी प्रबंधन नियोजन नहीं देते हैं तब तक हमारा आंदोलन चलता ही रहेगा। इस आंदोलन में मुख्य रूप से उपस्थित रैयत लोगों मे अशोकनाथ सोनकर, सूरज कुमार, सुजीत कुमार, रमेश प्रजापति, इंसान अंसारी, मुन्ना प्रजापति, राजेश कुमार, अभिषेक कुमार शर्मा, विक्रम प्रजापति इत्यादि लोग उपस्थित थे।


## सेंटर में सिखाया जाएगा नि:शुल्क सिलाई,कढ़ाई एवं कटिंग:रीमा कुमारी



राष्ट्रीय खबर

**गिद्दी:** डाडी प्रखंड के होन्हेमोढ़ा पंचायत के चैनपुर गांव में जन सेवा परिषद हजारीबाग के सहयोग से सिलाई सेंटर का उद्घाटन किया गया। सिलाई सेंटर का उद्घाटन होन्हेमोढ़ा पंचायत की पंचायत समिति सदस्य रीमा कुमारी द्वारा फीता काट कर किया गया। रीमा कुमारी ने बताया कि सेंटर में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई,कढ़ाई एवं कटिंग सिखाया जाएगा।और निःशुल्क सिलाई सिखाया जाएगा।पंचायत समिति सदस्य रीमा कुमारी ने कहा कि सिलाई सेंटर खुलने से हमारे पंचायत में महिलाएं सिलाई सिखकर आत्म निर्भर बनेगी एवं इससे आजीविका बढ़ेगा। सिलाई सेंटर जनसेवा परिषद हजारीबाग संस्था के सहयोग से खोला गया है। मौके पर संस्था की प्रतिनिधि प्रमिला कुमारी, चन्द्र दीप कुमार,मीरन देवी, लक्ष्मी देवी, सुनीता, ज्योति देवी आदि मौजूद थी।

# इंडिया एथलेटिक में नैना सिंह ने जीता रजत पदक



राष्ट्रीय खबर

**गिद्दी:** डीएवी गिद्दी ए के वर्ग सातवीं की छात्रा नैना सिंह ने गुजरात में आयोजित ऑल इंडिया एथलेटिक फेडरेशन के तत्वाधान में 600 मी की दौड़ रेस में रजत पदक जीत कर झारखंड तथा समस्त कोयलांचल को गौरवान्वित किया है। नैना सिंह के इस सफलता पर पूरे विद्यालय परिवार तथा इस क्षेत्र के सभी अभिभावक गण आनंदित है। विदित हो कि यह प्रतियोगिता 16 फरवरी से 18 फरवरी के बीच गुजरात के अहमदाबाद शहर में खेला गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मनप्रिया चटर्जी ने नैना को बधाई देते हुए कहा कि यह निश्चित रूप से डीएवी गिद्दी ए के लिए गर्व का विषय है, क्योंकि इस विद्यालय कि छात्रा ने ऐतिहासिक और अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए पूरे झारखंड और कोयलांचल क्षेत्र को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने खेल प्रशिक्षक उमाशंकर प्रसाद को भी बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय परिवार उभरते हुए प्रतिभाओं को हर संभव प्रशिक्षण एवं बुनियादी सुविधा देने के लिए प्रयासरत है, ताकि आगे और भी सफलताएं हासिल हो सके। उन्होंने विद्यालय परिवार की तरफ से नैना सिंह के माता-पिता को बधाई देते हुए कहा की यह सफलता आप लोगों के द्वारा किए गए मेहनत और सहयोग से ही प्राप्त हुआ है।

# स्व मुनीलाल की स्मृति में फुटबॉल टूनार्मेंट का फाइनल आज



राष्ट्रीय खबर

**गोला :** गोला प्रखंड क्षेत्र के हुप्पू पंचायत अंतर्गत खोखा लदनाटांड़ के ऐतिहासिक मैदान में तीन दिवसीय फुटबॉल टुनार्मेंट का आयोजन किया गया है। इस ऐतिहासिक मैदान में प्रत्येक वर्ष आजसू नेता स्व मुनिलाल महतो के याद में फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया जाता है। इसी तरह इस वर्ष भी मुनिलाल महतो मेमोरियल फुटबॉल टूनार्मेंट सीजन- 12 का आयोजन किया गया है। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व जिप सदस्य सह जिप अध्यक्ष प्रतिनिधि गोपाल चौधरी व विशिष्ट अतिथि नगर परिषद जिप सदस्य धनेश्वर महतो, जिला कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश कुमार महतो, समाजसेवी चंदर महतो, अजय गुप्ता, पूर्व जिप सदस्य गोविंद मुंडा, आजसू प्रखंड सचिव नित्यानंद महतो, बीनू कुमार महतो, पंसस किशोर कुमार के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व फुटबॉल को कीक मारकर किया गया। जिसके बाद अतिथियों का स्वागत आयोजन समिति के द्वारा माला पहनाकर किया गया। इस दौरान अतिथियों ने खिलाड़ियों व आयोजन समिति के सदस्यों को संबोधित किया। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि टूनार्मेंट में आठ टीमों ने भाग लिया है। इससे पूर्व महिला प्रदर्शनी मैच खेला गया।

अतिथियों द्वारा विजेता व उप विजेता महिला टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जानकारी के अनुसार फाईनल मैच आगामी 20 फरवरी को खेला जायेगा। जिसके मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी होंगे। मैच का आयोजन फुटबॉल टूनार्मेंट कमेटी के संयोजक मुकेश महतो, अध्यक्ष बिकू करमाली, सचिव सुग्रीव महतो, कोषाध्यक्ष विशाल करमाली, उपाध्यक्ष मिथिलेश कुमार, सह सचिव परमेश्वर महतो, उप कोषाध्यक्ष प्रकाश कुमार महतो, उप मुखिया किशोर महतो, पंसस सिकंदर शर्मा, मुख्य संरक्षक फाल्गुनी महतो, पंचायत अध्यक्ष हरिकृष्ण महतो, संदीप महतो के देख रेख में किया जा रहा है।

## एजेपी की मजबूती को लेकर पदधारियों ने किया मंथन



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो /फुसरो:** असहाय जनकल्याण पार्टी के पदाधिकारियों ने सुभाष नगर में बैठक किया। बैठक की अध्यक्षता सचिव खिरोद कुमार सिंह ने किया। यहां गरीब, बेवश, असमर्थ व असहाय लोगों की मदद करने के साथ पार्टी की मजबूती को लेकर विचार विमर्श किया गया। यहाँ मुख्य रूप से मौजूद पार्टी के जिलाध्यक्ष कमलेश कुमार ठाकुर व उपाध्यक्ष विरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता आमजनों से मिलकर पार्टी के सिद्धांतो के प्रति जागरूक करे ताकि संगठन को मजबूत बनाया जा सके। कहा कि आगामी चुनावो की तैयारी जमीनी स्तर पर किया जा रहा है, जिसको लेकर क्षेत्र के सभी वर्ग के लोगों के साथ समन्वय स्थापित करना एवं पार्टी के नीति, सिद्धांत को बताकर ज्यादा से ज्यादा पार्टी संगठन में जोड़ने का काम करेंगे। उन्होंने निजी स्वार्थ से ऊपर उठकर संगठन के हित को प्राथमिकता देने की बात कर पार्टी का संगठन स्तर मजबूत करने का आह्वान किया। इस दौरान पार्टी में आस्था रखते हुए दर्जनो लोगो ने सदस्यता ग्रहण किया। जिसमे विनोंद उरॉव, निखिल उरॉव, सुनील कुमार, बिनोद नोनिया, विक्की सिंह, धनेश्वर महतो, अनवर असांरी, टेकलाल महतो, तुलसी महतो, दिनेश्वर महतो, उमेश नोनिया, घनश्याम महतो, बाबूलाल, रवि मोरिस, राजेश महतो, जितेंद्र नोनिया, उमेश चौहान, लल्लु चौहान आदि लोग शामिल हुए।

# चास नगर निगम सभागार में उन्मुखीकरण सह प्रशिक्षण एवं क्षमता वर्धन कार्यशाला का आयोजन

▶▶ तम्बाकू उत्पाद विक्रेताओं पर कार्रवाई की जायेगी

राष्ट्रीय खबर



**बेरमो :** मंगलवार को अपर नगर आयुक्त चास सौरभ कुमार भुवानियां की अध्यक्षता में चास नगर निगम के सभागार में उन्मुखीकरण-सह-प्रशिक्षन एवं क्षमता वर्धन कार्यशाला का आयोजन चास नगर निगम एवं जिला तम्बाकू नियंत्रण कोषांग तथा सोशियो इकोनोमिक एन्ड एजुकेशनल डेवलपमेंट सोसायटी सीड्स के संयुक्त तत्वावधान में वाईटल स्ट्रेटजी के सहयोग से किया गया। सर्वप्रथम जिला परामर्शी, तम्बाकू नियंत्रण कोषांग, बोकारो मोहम्मद असलम ने तम्बाकू नियंत्रण अधिनियम-२००३ के धाराओं एवं किए जाने वाले इन्फोर्समेंट की जानकारी दी, तत्पश्चात श्री सिम्पल झा कार्यक्रम समन्वयक सीड्स ने नगर निगम द्वारा तम्बाकू उत्पाद विक्रेता को दिये जाने वाले लाईसेंस की विस्तृत जानकारी दी। अपर नगर आयुक्त महोदय ने कहा की जो भी आदेश चास नगर निगम द्वारा निर्गत किया जाना है उसे कार्यवाही प्रतिवेदन के साथ प्रस्तुत करें। कार्यक्रम समन्वयक सीड्स ने कहा कि उनके द्वारा पूर्व में वेंडर लाईसेंस के लिए ड्राफ्ट गाइडलाइंस महोदय के टिप्पणी हेतु समर्पित किया गया था, अपर नगर आयुक्त महोदय ने कहा कि इसपर जल्द अंतरिम बैठक कर निर्णय लिया जाएगा।

उन्होंने हर सप्ताह जिला स्तरीय छापामार दस्ता एवं अनुमंडल स्तरीय छापामार दस्ते के साथ एवं नगर निगम की सीटी इन्फोर्समेंट दस्ता स्वयं भी अपने क्षेत्र में छापामारी अभियान क्रियान्वित करेगी।सभी प्रकार के तम्बाकू उत्पाद के विपणन, भण्डारण, पैकिंग, प्रसंस्करण, सफाई, विनिर्माण बिना लाईसेन्स/अनुज्ञप्ति अथवा अनुमति के 01 अप्रैल 2022 से अनिवार्य किया जाता है, अनिवार्यता के आदेश संख्या कंडिका 6 को सरकार ने मानक संचालन प्रक्रिया नहीं होने के कारण अस्थाई रूप से स्थगित किया है। परन्तु झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम की धारा 455 की अनुसूची 187 के तहत तम्बाकू उत्पाद विक्रेता को ट्रेंड लाईसेंस दिया जा रहा है। अपर नगर आयुक्त महोदय ने कहा कि मैं तम्बाकू उत्पाद विक्रेताओं से अपील करता हूं कि वे चास नगर निगम को आवेदन कर लाईसेंस प्राप्त कर लें, क्योंकि जैसे ही सरकार ने स्थगन आदेश हटाया नगर निगम की सीटी इन्फोर्समेंट स्क्वाड नगर निगम से लाईसेंस नहीं लेने वाले तम्बाकू उत्पाद विक्रेताओं पर कार्रवाई करेगी।

### खेतको पंचायत में अबुआ आवास के लिए 75 लाभूक चयनित



**बेरमो :** पिछले दिनों राज्य सरकार के आदेश पर अबुआ आवास के हजारो हजार आवेदन संग्रह किए गए जिसके बाद जांच की प्रक्रिया शुरू हुई और अंतः फाइनल सूची जारी की गई। जिसके अनुसार बोकारो जिला के बेरमो अनुमंडल अंतर्गत पेटरवार प्रखंड के खतको पंचायत में कुल अबुआ आवास 75 लाभुको का चयन विभाग द्वारा किया गया। चयनित सभी लाभूको आज यानी 20 फरवरी को अहले सुबह लगभग 08 बजे खेतको पंचायत की मुखिया अनवरी खातून और पेटरवार प्रखंड कांग्रेस के अध्यक्ष सब्बीर अंसारी के अध्यक्षता में अबुआ आवास के 50 लाभुको को बस के माध्यम से गिरीडीह भेजा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज प्रदेश के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के हाथो इन लाभुकों को स्वीकृति पत्र दिया जाएगा। आगे मुखिया ने बताई की बचे हुए लाभुको को प्रखंड के द्वारा जल्द ही स्वीकृति पत्र दिया जाएगा।

### पशु चिकित्सालय शिविर का आयोजन



**बेरमो :** बेरमो प्रखंड अंतर्गत बोकारो थर्मल के गोबिंदपुर सी पंचायत भवन मे प्रथम वर्गीय पशुचिकित्सालय, बोकारो थर्मल द्वारा विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पशु पालन विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा राज्य के सभी पंचायतो मे वर्ष मे दो बार विशेष पशु चिकित्सा शिविर योजना संचालित है। शिविर का उद्घाटन पंचायत का मुखिया विकास कुमार सिंह एवं पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अजय कुमार द्वारा शिविर का उद्घाटन किया गया। शिविर मे लगभग 52 पशु लाभुको के बीच कृमि नाशक, कैल्शियम, मिनिरल मिकचर , मल्टीवीटामिन दवाओं का वितरण किया गया, साथ ही पशु पालको को विभिन्न बीमारियों से बचाव के उपाय के बारे मे बिस्तार से जानकारी दी गई। शिविर मे पशु चिकित्सालय के कर्मी शिवशंकर प्रसाद रजक, आयुष कुमार यादव, एवं संतोष कुमार महतो सहित पंचायत के वार्ड सदस्य की सक्रिय भूमिका रही।वही मौके पर राजदेव यादव, रमाधर सिंह, पिंटू सिंह, संतु सुजय, रामसरिख सिंह, संतोष शर्मा, धीरज शर्मा मुख्य रूप से मौजूद थे।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**गोला :** मुरी मार्ग के हारूबेरा के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पिंटू कुमार उम्र 25 वर्ष पिता गेंदालाल महतो बीते रविवार को गोला प्रखंड क्षेत्र के सोसोकला गांव अपने मौसी सास के यहां श्राद्धकर्म में शामिल होने आया हुआ था। श्राद्धकर्म में शामिल होने के बाद गोला प्रखंड क्षेत्र के बरलंगा थाना अंतर्गत सोकला गांव बाईक पर सवार होकर अपने ससुराल जा रहा था। इस बीच हारूबेरा के समीप एक अज्ञात वाहन अपने चपेट में लेकर फरार हो गया। हालांकि घटना को लेकर परिजनों ने बरलंगा थाना में एक आवेदन दिया है। जिसमें कहा गया है कि अपने मौसी सास के घर श्राद्धकर्म में शामिल होने को लेकर दिन में ही अपने बीवी व बच्चे को अपने ससुराल छोड़कर मौसी सास के यहां चला गया। जिसके बाद युवक पुनः ससुराल चला गया। रात को लगभग 11 बजे शौच के लिए बाहर निकला। इस दौरान एक अज्ञात वाहन अपने चपेट में लेकर फरार हो गया। देर तक वापस नहीं लौटने पर उसकी बीवी सहित ससुराल वाले घर से बाहर निकले तो देखा कि सड़क मार्ग में अचेत पड़ा हुआ है। जिसके बाद ससुराल वालों ने युवक को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोला ले गए। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सुबह इसकी सूचना बरलंगा पुलिस को दी गई। सुचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया। बताया गया कि युवक की दो छोटी-छोटी मासूम बेटी है।

### फुसरो ओवरब्रिज के समीप हाईवा ने स्कॉर्पियो को मारा धक्का



**बेरमो:** बेरमो थाना क्षेत्र अंतर्गत फुसरो ओवरब्रिज के समीप हाईवे संख्या खल 09अइ 5973 ने स्कॉर्पियो खल 10 इक्र 3265 को जोरदार टक्कर मार दिया। बताते चलें कि प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि स्कॉर्पियो गिरिडीह से राँची की ओर जा रहा था। वही फुसरो की ओर से आ रही है हाईवा ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे की स्कॉर्पियो में बैठे लोग पूरी तरह से घायल हो गए। वहीं घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से केंद्रीय अस्पताल ढोरी में भर्ती कराया गया है। स्थानीय लोग स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही बेरमो थाना प्रभारी अशोक कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंच गये है।

### सड़क दुर्घटना में 2 छात्र व एक रागगीर घायल




**बेरमो :** गोमिया प्रखंड के लोधी गांव के दो छात्र सोमवार की शाम इंटर की परीक्षा देकर बाइक से घर लौट रहे थे। रास्ते में आईईएल थाना क्षेत्र के कसवागढ़ा गांव के निकट बाइक अनियंत्रित होकर एक राहगीर को ठोकर मारते पलट गई। दुर्घटना में राहगीर व दोनों छात्र घायल हो गए। घायलों को तत्काल आर्डियर अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल छात्र साहिल रजा को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। उसके हाथ में फ्रैक्चर है। घटना के संबंध में बताया गया कि लोधी गांव निवासी साहिल रजा और अहमद अंसारी गोमिया प्लस टू हाई स्कूल से इंटर की परीक्षा देकर लौट रहे थे। तभी कसवागढ़ा के निकट इवनिंग वाक कर रहे एक व्यक्ति सुरेंद्रनाथ पोद्दार को बाइक ने ठोकर मार दी।

संपादकीय

# चुनावी बॉड के फैसले से असहज मोदी सरकार


सुप्रीम कोर्ट ने मोदी सरकार के चुनावी बॉड के फैसले को असंवैधानिक बताते हुए खारिज कर दिया है। इसके बाद सबसे पहले भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने इसे साफ मन से और पारदर्शिता के लिए लाये गये नियम बताने का काम किया। उसके बाद अज्ञात माध्यमों के हवाले से इसे बैंकिंग नियमों का उल्लंघन बताया गया। धीरे धीरे यह माहौल बनाने की कोशिशें तेज होने लगी हैं कि चुनावी बॉड पर शीर्ष अदालत का फैसला दरअसल गलत है। इस बीच ही खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को हिंदू पौराणिक कथाओं का उदाहरण देकर सुप्रीम कोर्ट पर तंज कसा। पीएम मोदी ने कहा कि आज के समय में अगर भगवान कृष्ण सुदामा को चावल देते तो सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर हो जाती. यह टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट द्वारा चुनावी बांड योजना को असंवैधानिक बताए जाने के कुछ दिनों बाद आई है। स्वागत भाषण के दौरान उन्होंने (आचार्य प्रमोद कृष्णम) कहा कि हर किसी के पास देने के लिए कुछ न कुछ है लेकिन मेरे पास



कुछ नहीं है, मैं केवल अपनी भावनाएं व्यक्त कर सकता हूं। प्रमोद जी, अच्छा हुआ आपने मुझे कुछ नहीं दिया, वरना जमाना ऐसा बदल गया है कि अगर आज के जमाने में सुदामा श्रीकृष्ण को चावल देते और वीडियो सामने आ जाता, तो सुप्रीम में जनहित याचिका दायर हो जाती। कोर्ट और फैसला आएगा कि भगवान कृष्ण को भ्रष्टाचार में कुछ दिया गया था और भगवान कृष्ण भ्रष्टाचार कर रहे थे। पीएम मोदी ने कहा, बेहतर है कि आपने अपनी भावनाएं व्यक्त कीं और कुछ नहीं दिया। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली संविधान पीठ ने गुरुवार को सर्वसम्मति से फैसले में चुनावी बांड योजना को रद्द कर दिया और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को लेनदेन विवरण प्रकाशित करने का निर्देश दिया। लोकसभा चुनाव से कुछ महीने पहले आए इस फैसले को चुनावी बांड योजना की सबसे बड़ी लाभार्थी भाजपा के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। पीएम मोदी ने सोमवार को यूपी के संभल जिले में श्री कल्कि धाम की आधारशिला रखी. इस अवसर पर बोलते हुए, प्रधान मंत्री ने कहा कि तीर्थ स्थलों के साथ-साथ पूरे देश में हाई-टेक बुनियादी ढांचे का भी विकास किया गया है। आज एक तरफ हमारे तीर्थ स्थलों का विकास हो रहा है तो दूसरी तरफ शहरों में हाईटेक इंफ्रास्ट्रक्चर भी तैयार हो रहा है। अगर आज मंदिर बन रहे हैं तो देश भर में नए मेडिकल कॉलेज भी बन रहे हैं। आज पूज्य संतों की भक्ति और जन-जन की भावना से एक और पवित्र स्थान की नींव रखी जा रही है। अब मुझे आप सभी की उपस्थिति में भव्य कल्कि धाम की आधारशिला रखने का सौभाग्य मिला है। मैं मुझे विश्वास है कि कल्कि धाम भारतीय आस्था का एक और बड़ा केंद्र बनकर उभरेगा। पीएम मोदी ने अपने राम राज के आह्वान को दोहराते हुए कहा कि भारत के लिए अगले हजार वर्षों की एक नई यात्रा शुरू हो रही है। अब 22 जनवरी से एक नया युग शुरू हो गया है। जब भगवान श्री राम ने शासन किया, तो उनका प्रभाव हजारों वर्षों तक रहा। उसी तरह, रामलला के सिंहासन पर विराजमान होने के साथ, भारत के लिए अगले हजार वर्षों की एक नई यात्रा शुरू हो रही है। उन्होंने कहा, भगवान राम की तरह, कल्कि का अवतार भी हजारों वर्षों की दिशा तय करेगा। हम कह सकते हैं कि कल्कि समय के चक्र में परिवर्तन के सूत्रधार हैं और प्रेरणा के स्रोत भी हैं। लेकिन इस धार्मिक समारोह में पौराणिक कथा का उल्लेख करते हुए श्री मोदी ने कृष्ण और सुदामा का जो उदाहरण दिया, वह सुप्रीम कोर्ट से फैसले से उनके आहत होने का संकेत है। दरअसल वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा था कि अगर कोई शेल कंपनी बिना कारोबार अथवा मुनाफा के ही किसी राजनीतिक दल को चंदा देती है तो यह काला धन ही होगा। दूसरी तरफ अडाणी की शेल कंपनियों का रिश्ता दुबई से होने की जानकारी आ चुकी थी। सेबी जिन कंपनियों के बारे में जानकारी हासिल करने में असमर्थता व्यक्त कर रहा है, एसबीआई द्वारा चुनावी बॉड की जानकारी सार्वजनिक होने पर इन आरोपों की भी जांच हो पायेगी। देश में दो मुद्दों पर नरेंद्र मोदी की चुप्पी अजीब है। पहला मणिपुर की हिंसा के मुद्दे पर वह ध्यान भटकाते हैं और अडाणी समूह के साथ अपने रिश्तों पर असहज महसूस करते हैं। इसलिए भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकले राहुल गांधी के आरोपों की जांच भी इससे हो पायेगी। अब यह देखना होगा कि वाकई चुनाव आयोग इन सूचनाओं को सार्वजनिक करता है अथवा आदेश नहीं मानने का कोई दूसरा रास्ता निकालता है।

# नवेलनी की हत्या से दुनिया दहल गयी

इतनी क्रूर हत्या और इतना प्रताड़ना किसी सभ्य शासक या फिर संवेदनशील मनुष्य कर ही नहीं सकता है। इतनी क्रूर हत्या और इतना खतरनाक तथा आत्मा को कंपकपा देने वाली करतूत किसी हिंसक तानाशाह और वहशी मनुष्य ही कर सकता है। संदर्भ महान लोकतंत्रवादी और तानाशाह विरोधी नायक एलेक्सी नवलेनी की हत्या का है। रूस का सार्वजनिक वकत्व्य है कि नवेलनी की मृत्यु हुई है, नवेलनी की स्वाभाविक मृत्यु हुई है, उसे किसी भी प्रकार का चोट या फिर नुकसान नहीं पहुंचाया गया था, अचानक उसका स्वास्थ खराब हुआ और मिनटों में उसके प्राण निकल गये, बचाव का अवसर तक नहीं मिला। लेकिन दुनिया जानती है कि यह सब सिर्फ और सिर्फ झूठ है, विश्व समुदाय के अंदर उपजी हुई प्रतिक्रिया, विरोध को शांत करना या फिर उस पर पानी डालना है। ब्लादमिर पुतिन का रूस अपनी सफाई में चाहे जितने भी तर्क दे, अपने आप को हरिशचन्द्र घोषित कर दे तो भी परिस्थितियां उसके गुनाह और करतूत को बेनकाब करने के लिए काफी हैं। सच तो यह है कि अपनी हत्या के बाद भी पुतिन के लिए नवेलनी संकट के कारण बने रहेंगे, विरोध के कारण बने रहेंगे, छबि भंजन के कारण बने रहेंगे, ब्लादमिर पुतिन को एक क्रूर, खतरनाक और मनुष्यता विरोधी छबि सुधरने वाली नहीं है, उनकी गिनती स्टालिन, माओत्से तुंग जैसे तानाशाहों में होती रहेगी और इतिहास हमेशा उन्हें कठघरे में खडा करते रहेगा। यूक्रेन युद्ध की धृणा और पाप का बोझ पुतिन पहले से ही लेकर चल रहे हैं। लोकतंत्र विरोधी पुतिन से वीटो का अधिकार वापस लेना चाहिए।



**आचार्य विष्णु हरि**
राष्ट्रचिंतक

नवलेनी की क्रूर और खतरनाक हत्या आप जानेंगे तो आपका भी पुतिन की मनुष्यता पर से विश्वास उठ जायेगा। हत्या के अनेको प्रयास विफल हुए थे। एक विदेशी यात्रा के दौरान पुतिन के जासूतों ने उन्हें जहर दे दिया था। जहर से नवेलनी का स्वास्थ बहुत खतरनाक हो गया था, जिंदगी बचने की उम्मीद लगभग समाप्त हो गयी थी। लेकिन जर्मनी के डॉक्टरों ने उन्हें बचाया और जहर के प्रभाव से मुक्त कराया था। इस जहर कांड में भी पुतिन ने झूठ बोला था और कहा था कि उसके जासूसों ने जहर नहीं दिया है और हमनें हत्या की कोशिश नहीं की है। लेकिन पूरा विश्व समुदाय यह मानता था कि यह करतूत पुतिन और पुतिन सरकार के जासूसों की है। दुनिया के स्वतंत्र जांच कताओं ने भी माना था कि हत्या के ख्याल से ही जहर दिये गये थे और यह करतूत पुतिन की ही करतूत थी। अमेरिका और यूरोप ने इस जहर कांड को लेकर काफी त्रीवता दिखायी थी और पुतिन की आलोचना की थी, पुतिन की लोकतंत्र विरोधी कार्रवाई को मानवता विरोधी घोषित किया था। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता में विश्वास रखने वाले समूहों ने पुतिन पर प्रतिबंधों का बोझ डालने की अपील की थी। लेकिन दुनिया के नियामकों में यह बात अनसुनी कर दी गयी। अनसुनी इसलिए हुई कि रूस के पास वीटो का अधिकार है। वीटोधारी देशों के लिए गुडागर्दी, लोकतंत्र की हत्या और अभिव्यक्ति को गुलाम बना कर रखना कोई दंडनीय अपराध नहीं होता है। कहने का अर्थ यह है कि दुनिया को नियंत्रित करने वाले नियामक तो वीटोधारी देशों की गुलामी ही करते हैं।

नवेलनी की वीरता देखिये, लोकतंत्र पर उनका अडिग समर्पण देखिये। उनके सामने साक्षात मौत थी, उनके लिए पुतिन ने मौत और कैद का पिजडा बना कर रखा था। नवेलनी की जान जायेगी, उन्हें लंबे और खतरनाक कैद में रखा जायेगा, यह आशंका थी। दुनिया के लोकतंत्र वादियों ने नवेलनी को समझाया था और मना भी किया था, रूस नहीं लौटने की बात कही थी। लेकिन नवलेनी ने कोई बात नहीं मानी। उसने सीधे तौर पर कह दिया था कि मैं जानता हूं कि मेरे सामने साक्षात मौत खडी है, पुतिन मुझे जिंदा नहीं छोड़ेंगे, मुझे मार ही डालेंगे फिर भी मैं रूस लौटूंगा और पुतिन की तानाशाही व मनुष्यता विरोधी करतूतों से रूसियों को आजादी दिलाउंगा। ऐसी प्रतिज्ञा आम आदमी की नहीं हो सकती है, ऐसी प्रतिज्ञा सिर्फ और सिर्फ महापुरूषों के अंदर ही होती है। नवेलनी को रूस की धरती पर कदम रखते ही कैद कर लिया गया, उन पर देशद्रोह का मुकदमा चलाया गया और उन्हें आजीवन करावास में डाल दिया गया। कारावास में भी नवेलनी की प्रतिज्ञा नहीं बदली तो फिर उस पर प्रताड़ना के नये-नये हथकंडे अपनाये गये। उन्हें रूस की सबसे खतरनाक जेल जहां पर जिंदगी तिल-तिल कर मरती है डाल दिया गया। वह जेल भारत में अंग्रेज काल की काले पानी की सजा और जेल सरीखा है। वह जेल जहां पर स्थित है वहां पर रूस में सबसे अधिक ठंड पडती है, कैदियों को खूले ठंड में खडा कर मरने के लिए विवश किया जाता है। पुतिन अपने विरोधियों को उसी जेल में सडा कर रखते हैं, प्रताडित करते हैं।


पुतिन के लिए नवेलनी कितना बडा खतरा थे? क्यों डरते थे उनसे पुतिन? नवेलनी सीधे तौर पर पुतिन को तानाशाह मानते थे और उसे लोकतंत्र विरोधी मानते हैं, उन्हें गैर मनुष्य यानी की जानवर की श्रेणी में रखते थे। पुतिन के खिलाफ उन्होंने चुनाव में उतरने का साहस किया था। उन्हें चुनाव लडने से प्रतिबंधित कर दिया गया था फिर भी वे विपक्षी पार्टियों और उम्मीदवारों के समर्थन में चुनाव प्रचार करते थे और पुतिन की मनुष्यता विरोधी कारवाइयों और नीतियों की आलोचना करते थे। पुतिन सरकार के कई भ्रष्टचार विरोधी शिकायतों की जांच कर बेनकाब किया था, लोकतंत्र के समर्थकों के प्रताडना को वे उजागर करते थे। इसके कारण पुतिन की बडी बदनामी होती थी और वैश्विक स्तर पर उनकी छबि खराब भी होती थी। इस कारण पुतिन उन्हें अपना सबसे खतरनाक दुश्मन मानता था और उसे अपने रास्ते का रोडा मानता था। इसी कारण से पुतिन नवेलनी को खतरनाक और डरावनी मौत देने का मनुष्यता विरोधी काम किया है, करतूत दिखायी है।

पुतिन कितना लोकतंत्रवादी है, यह भी देख लीजिये। लोकतंत्र के खोल में घुसा हुआ हिंसक और वहशी तानाशाह है। इसके लिए विरोध कोई अर्थ नहीं रखता है। विरोधियों को सीधे मौत का घाट उतार देता है। हजारों लोकतंत्र समर्थकों को खतरनाक और जानलेवा ठंड की जेलों में कैद कर रखा है। युवकों को पकड़-पकड कर यूक्रेन युद्ध में ढकेल रहा है। लोकतंत्र को वह एक तरह से गुलाम बना कर रखा हुआ है। चुनावों में धांधली उसका जन्मसिद्ध अधिकार बन गया है। स्वच्छ चुनावों के लिए अंतर्राष्टीय पर्यवेक्षक उसे स्वीकार नही हैं। अंतर्राष्टीय पर्यवेक्षकों से उनकी समस्या क्या है? अंतर्राष्टीय पर्यवेक्षकों को वह चुनावो में क्यों नहीं आमंत्रित करते है? इसका कारण यह है कि अंतर्राष्टीय पर्यवेक्षको की उपस्थिति में उनकी चुनावी धांधली पकडी जा सकती है, बेनकाब हो सकती है। सिर्फ चुनावी धांधली की ही बात नहीं है बल्कि संविधान में भी मनचाहा हेराफेरी करते हैं। संविधान की हेरा-फेरी कर भी कभी राष्टपति तो कभी प्रधानमंत्री बन जाते हैं और सारी शक्तियां कभी प्रधानमंत्री तो कभी राष्टपति में निहित कर देते हैं। ऐसे तानाशाह के लिए स्वतंत्र और निडर मीडिया का भी कोई अर्थ नहीं होता है। पुतिन के देश में मीडिया स्वतंत्र नहीं है, मीडिया गुलाम है, मीडिया पुतिन की नीतियो पर आलोचना नहीं कर सकता है, आलोचना पर दंड अनिवार्य है। नवेलनी की हत्या पर भी रूस का मीडिया खामोश है, सिर्फ सूचनात्मक खबर दी।

# बाबापुर की रामलीला

प्रेरक-प्रसंग

तेनालीराम हमेशा अपनी बुद्धिमता से सबका मन जीतने के लिए जाने जाते थे। आए दिन राज्य पर आई किसी न किसी समस्या को सुलझाने के लिए वे अपना दिमाग लगाया करते थे। इसी तरह जब एक बार दशहरा पर नाटक मंडली विजयनगर नहीं पहुंच पाई, तो तेनाली ने क्या किया, आइए जानते हैं ।काशी की एक नाटक मंडली हमेशा दशहरे से पहले विजयनगर आया करती थी। यह नाटक मंडली विजयनगर में रामलीला किया करती थी और नगर वासियों का मनोरंजन किया करती थी। यह एक तरह से विजयनगर की संस्कृति थी और ऐसा हर साल हुआ करता था, लेकिन एक साल ऐसा आया जब काशी नाटक मंडली के कई




सदस्य बीमार पड़ गए और उन्होंने कह दिया कि वो विजयनगर नहीं आ पाएंगे। यह सुनकर महाराज कृष्णदेव राय और सारी प्रजा बहुत उदास हो गई ।दशहरे को अब सिर्फ कुछ ही दिन बाकी थे और ऐसे में किसी और नाटक मंडली को बुलाकर रामलीला का आयोजन करवाना बहुत मुश्किल था। दरबार के मंत्रियों और राजगुरु ने आसपास के गांव की नाटक मंडली को बुलाने की कोशिश की, लेकिन किसी का भी आ पाना बहुत मुश्किल था। सबको निराश देख तेनालीराम ने कहा, ह्लमैं एक नाटक मंडली को जानता हूं। मुझे यकीन है कि वो विजयनगर में रामलीला करने के लिए जरूर तैयार हो जाएंगे ।ह्वतेनाली की यह बात सुनकर सब खुश हो गए। इसके साथ ही राजा ने तेनाली को मंडली बुलाने की जिम्मेदारी सौंप दी और तेनाली ने भी रामलीला की तैयारी करना शुरू कर दी। .. .. **जारी।**

नजरिया

# अखिलेश के खिलाफ पार्टी के भीतर से उठती पीडीए कमजोर करने की आवाजें



**अजय कुमार**
पत्रकार

समाजवादी पार्टी के नेतृत्व पर परिवारवाद का आरोप लगता रहता है,लेकिन इससे कभी पार्टी की सेहत पर कोई बुरा असर नहीं पड़ा, लेकिन अब हालात बदल रहे हैं। सपा में परिवारवाद के बाद अब जिस तरह से बाहरी लोगों को राज्यसभा और विधान परिषद भेजने में दिलेरी दिखाई जा रही है, उससे पार्टी के भीतर बवाल खड़ा हो गया है।वैसे इसकी चिंगारी तभी उठने लगी थी,जब सपा ने लोकसभा के लिये 16 प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी की थी।यह चिंगारी सपा प्रमुख द्वारा राज्यसभा के लिये मनमाने तरीके से प्रत्याशियों का चयन करने से और भी भड़क गई है।सपा के नेता और कार्यकर्ता कह रहे हैं कि काम हमारा- अधिकार तुम्हारा नहीं चलेगा। राज्यसभा में जिस तरह से सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने बाहरी लोगों को टिकट दिया,उससे स्वामी प्रसाद मौर्या ही नहीं कई अन्य नेता भी नाराज हो गये हैं।स्थिति यह है कि सपा का मजबूत वोट बैंक समझे जाने वाला

**राज्यसभा में जिस तरह से सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने बाहरी लोगों को टिकट दिया,उससे स्वामी प्रसाद मौर्या ही नहीं कई अन्य नेता भी नाराज हो गये हैं।स्थिति यह है कि सपा का मजबूत वोट बैंक समझे जाने वाला पिछड़ा,दलित,मुसलमान भी अखिलेश के रवैये से अपने आप को ठगा महसूस कर रहा है।**

पिछड़ा,दलित,मुसलमान भी अखिलेश के रवैये से अपने आप को ठगा महसूस कर रहा है।स्वामी प्रसाद मौर्या पहले ही नाराजगी जता चुके थे,अब उन्होंने सपा से अलग होकर नई पार्टी बनाने की भी घोषणा कर दी है। 22 फरवरी को वह दिल्ली में इसकी घोषणा करेंगे,पार्टी का नाम राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी रखा जायेगा। इसी तरह से सपा के दलित नेता और पूर्व मंत्री कमलाकांत गौतम ने नाराजगी के चलते अपने पद से त्यागपत्र दे दिया था,जिसकी आग ठंडी भी नहीं हुई थी और इसमें एक नया नाम सलीम शेरवानी का जुड़ गया।अब सलीम शेरवानी के बागी तेवर ने अखिलेश की पीडीए मुहिम को धक्का पहुंचाया है। कुल मिलाकर ऐसा लगता है कि पीडीए के प्रति उनकी प्रतिबद्धता पर उनकी ही पार्टी के लोगों को भरोसा नहीं हो रहा है। ऐसे में जनता के बीच वह अपने इस संदेश को कैसे संप्रेषित कर पाएंगे, इसे लेकर सवाल उठने लगे हैं।

गौरतलब हो, अखिलेश यादव ने जून 2023 में सपा की पीडीए-यानी कि पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक मुहिम की शुरूआत की थी।उनका दावा है कि ये तीनों वर्ग के लोग मिलकर उत्तर प्रदेश में भाजपा का रथ रोकेंगे। इसके जरिए अखिलेश गैर-यादव ओबीसी तथा यूपी में कमजोर पड़ रही मायावती की बीएसपी के कोर दलित वोटबैंक को साधना चाहते हैं। इतना ही नहीं, अपनी पार्टी के परंपरागत मुस्लिम वोटर्स को भी छिटकने से बचाने की कोशिश के तौर पर उनके इस अभियान को देखा गया। हालांकि, उनका यह अभियान बीजेपी को कोई नुकसान पहुंचाता, उससे पहले उनकी ही पार्टी को जर्जर करने की वजह बनता जा रहा है।उधर,मुसलमानों के कई रहनुमा कह रहे हैं कि 90 फीसदी मुस्लिम समाजवादी पार्टी को वोट देते हैं और उनको अधिकार के नाम पर झुनझुना दिखाया जाता है।अखिलेश को बताना होगा कि राज्यसभा के लिये उसे कोई मुस्लिम नेता का नाम क्यों नहीं सूझा,जिसे राज्यसभा भेजा जाता।सपा पर अंदर-बाहर सभी तरफ से आरोप लगा रहा है कि उसका पिछड़ा, दलित, मुसलमान(पीडीए)छलावा है। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को पत्र लिखकर सपा से एक भी मुसलमान नेता को राज्यसभा का टिकट न मिलने पर नाराजगी जताई। कहा कि आपके इस फैसले से सख्त तकलीफ हुई है। मौलाना ने कांग्रेस की तारीफ करते हुए लिखा है कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पूरे देश में नफरत के खिलाफ यात्रा निकाल रहे हैं। वह संविधान बचाने, अमन पसंद लोगों को एकजुट करने में जुटे हैं।

जानकारी

# गोवा में लें फ्लाईबोर्डिंग का मजा



वाटर स्पोर्ट्स के मजे लेना हर किसी को बेहद पसंद होता है, पानी पर मस्ती करने का मजा अलग ही होता है। छुट्टियों में जब घूमने जाते हैं तो बोटिंग से लेकर स्कूबा डाइविंग, जेट स्कीइंग, रिवर राफ्टिंग जैसे कई वाटर के स्पोर्ट्स को काफी एन्जॉय करते है। काफी समय से फ्लाईबोर्डिंग को बहुत पसंद किया जा रहा है। बता दें कि, फ्लाईबोर्डिंग कतर से लेकर थाईलैंड तक काफी फेमस है। हालांकि अब भारत में भी इस वाटर स्पोर्ट्स के मजा लेने लगे हैं। भारत मे फ्लाईबोर्डिंग का मजा लेने केलिए आपको गोवा में जाना होगा। गोवा के बागा बीच पर फ्लाईबोर्डिंग के लिए टूरिस्ट का पसंदीदा प्लेस है। अगर आपको एडवेंचर्स एक्टिविटीज करना काफी पसंद है तो आपको बागा बीच जरुर जाना चाहिए। गोवा के बागा बीच पर फ्लाईबोर्डिंग सेशन उपलब्ध हैं, यहां पर खूबसूरत बीचेस के नजारा देखने को मिलता है। फ्लाईबोर्डिंग से लहरों के ऊपर चढ़ने का अलग ही मजा है।

# 50MP कैमरा के साथ iQOO Z9 5G देगा दस्तक

साइबर दुनिया



**नई दिल्ली :** .iQOO भारत में 22 फरवरी को स्नैपड्रैगन 8 जेन 2 चिपसेट से लैस iQOO Neo 9 Pro स्मार्टफोन को पेश करेगा। Neo 9 Pro के लॉन्च से पहले ही टेक यूट्यूबर और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर CallMeShazzam ने iQOO Z9 के स्पेसिफिकेशन का खुलासा किया था। इसके अलावा टिप्सटर को स्मार्टफोन पकड़े हुए देखा जा सकता है, जिसमें इसके फ्रंट और रियर डिजाइन का खुलासा हुआ है। आइए iQOO Z9 5G के बारे में विस्तार से जानते हैं।

**iQOO Z9 5G की कीमत**

iQOO Z9 5G की कीमत या उपलब्धता के बारे में कोई जानकारी नहीं है। हालांकि, फोन के लीक हुए स्पेसिफिकेशंस से पता चला है कि इसकी कीमत 25,000 रुपये से कम हो सकती है। हालांकि, कंपनी ने Z9 5G के बारे में कोई जानकारी का खुलासा नहीं किया है जो कि भारत में मार्च की शुरूआत आ सकता है।

iQOO Z9 का डिजाइन

iQOO Z9 5G में सेंट्रल पॉजिशन में पंच-होल के साथ AMOLED डिस्प्ले है। सिक्योरिटी के लिए यह इन-स्क्रीन फिंगरप्रिंट स्कैनर से लैस है। फोन ने नीचे की ओर यूएसबी टाइप सी पोर्ट और एक स्पीकर नजर आता है। हालांकि, यह साफ नहीं साफ तौर पर नजर नहीं आ रहा है, एक सिम स्लॉट और एक माइक्रोफोन भी एक ही किनारे पर उपलब्ध हो सकता है। फोन के दाईं ओर वॉल्यूम रॉकर और पावर की है, जबकि बाईं ओर कुछ नहीं है। फोन लाइट ब्लू कलर के रियर पैनल में ब्रश हुए टेक्स्चर और एक स्क्वाअर कैमरा आईलैंड है। इसमें एक ड्यूल-कैमरा सेटअप और एक पिल शेप का एलईडी फ्लैश है। रियर की तरफ QOO ब्रांडिंग भी है।

**iQOO Z9 5G के अनुमानित स्पेसिफिकेशन**

CallMeShazzam के अनुसार, iQOO Z9 5G में AMOLED डिस्प्ले दी गई है जिसका FHD+ रेजॉल्यूशन, 120Hz रिफ्रेश रेट और 300Hz टच सैंपलिंग रेट प्रदान करता है। स्क्रीन का साइज 6 इंच से अधिक है।

टॉप ट्वीट



"एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2024 में टीम इंडिया का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है। उन्होंने कहा कि चार स्वर्ण, एक रजत और दो नए राष्ट्रीय इनडोर रिकॉर्ड के साथ हमारा यह अभियान समाप्त हुआ।"

**अनुराग ठाकुर**
केन्द्रीय खेल मंत्री



"सेट पर संजय सर जैसे किसी व्यक्ति के साथ रहना और उन्हें अपने सामने अपनी जादू की छड़ी घुमाते हुए देखना बहुत संतुष्टिदायक अनुभव था। मैं सभी कौशलों को हमेशा याद रखूंगा।"

**शांतनु माहेश्वरी**
बॉलिवुड अभिनेता

संपादक के नाम पत्र

## चर्चाओं के बीच एक बार फिर आ गई 'खुदाई'

भारतीय फिल्म जगत के पहले सुपर स्टार राजेश खन्ना की फिल्म 'खुदाई' 1994 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में दीपिका चिखिलिया और माधवी ने भी काम किया था। मानवीय संवेदनाओं को परिभाषित करती इस फिल्म को सिनेदर्शकों ने अपना भरपूर प्यार दिया था। इस फिल्म के बाद अभिनेत्री दीपिका चिखिलिया का नाम तेजी से उभर कर सामने आया और बाद में रामानंद सागर की 'रामायण' में सीता बन कर सिनेफलक पर छा गई। अब 21वीं सदी के दौर में ए जे फिल्म्स क्रिएशन बैनर तले निर्मित फिल्म 'खुदाई' एक बार फिर सिने दर्शकों तक पहुंच चुकी है और फिलवक्त बॉलीवुड में चर्चा का विषय बनी हुई है। यह फिल्म असत्य पर सत्य की जीत की कहानी है। एक जांबाज पुलिस ऑफीसर महेश पंडित शिव भक्त है। सत्य की राह पर चलते हुए न्याय के लिए समाज के जालिमों लड़ता है। महाकाल की कृपा से वह अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल होता है। महाकाल अपने भक्त की कैसे मदद करते हैं, यही 'खुदाई' है। यह एक्शन प्रधान फिल्म है। एक्शन डायरेक्टर रॉबर्ट जॉन फोंसेका ने जबरदस्त मारधाड़ के दृश्य फिल्माए हैं। एक्शन के साथ इस फिल्म में इमोशंस, ड्रामा और रोमांस भी है। अब्दुल जब्बार अंसारी, स्नेहा, अनिल धवन, रमेश गोयल, अली खान, जावेद हैदर, अखिलेश गौड़, अरुण सिंह, श्री राज, आर के शुक्ला आदि ने फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डॉ. अब्दुल जब्बार अंसारी की इस फिल्म में महाकाल की महिमा व शिव की शक्ति का बहुत खूबसूरती से फिल्मांकन किया गया है।

**काली दास पांडेय**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### पारंपरिक रीति रिवाज से वीर पूजा का आयोजन

**बड़कागांव:** बड़कागांव के अंबेडकर मोहल्ला में भुइयां समाज द्वारा वीर पूजा का पारंपरिक रीति रिवाज से की गई। इस पूजा में दहकते हुए अंगारों पर नंगे पांव चलकर लोगों ने अपनी आस्था व्यक्त किया। इसके बाद पूजा अर्चना किया गया। साथ ही भूत भरनी की गई। सूअर की बलि दी गई। गुली डंडा का भी खेल किया गया। वीर पूजा में 95 वर्षीय वृद्ध देवल भुइया ने भूत भरनी किया।

## सिटी अपडेट्स >>

### जेएमएम कार्यकर्ताओं ने निकाला न्याय यात्रा

**इचाक:** झारखंड मुक्ति मोर्चा संयोजक मंडली इचाक के द्वारा प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम के नेतृत्व में न्याय यात्रा ग्राम पंचायत हदारी में किया गया नारा लगाया गया कि जेल का ताल टूटेगा हेमंत सोरेन छूटेगा हेमंत सोरेन मत घबराना तेरे पीछे झारखंड दीवाना पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को केंद्र सरकार के सारे पर षड्यंत्र के तहत फसाया गया है हम लोग न्यायालय पर भरोसा है उन्हें न्याय मिलेगा और वह जेल से जल्द छूटेंगे स्नेहा यात्रा में मुख्य रूप से प्रखंड 20 सूत्री सदस्य दिगम्बर कुमार मेहता ,रामप्रवेश सिंह, बाबुन हसदा, अध्यक्ष बांसी मेहता, सुरेश टुडू ,पंचायत सचिव निर्मल गंझू, विजय भोक्ता, महादेव हेंब्रम, रितलाल हसदा, जगदीश हसदा, रामफल मेहता ,सुरेंद्र मेहता, राजेंद्र ठाकुर, विनोद हसदा ,दुलारचंद साव, सतीश मेहता, कुंदन मेहता समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### बुथ कमिटी का विस्तार


**धनबाद :** धनबाद लोकसभा और विधानसभा क्षेत्र के सबसे सुदूरवर्ती क्षेत्र मरिचो पंचायत और तिलैया पंचायत जो बुथ संख्या 1 और 2 क्रांतिकारी गढ़ क्षेत्र से प्रचलित हैं जो चुनाव में पासा पलटने की क्षमता रखता हैं, वैसे क्षेत्र में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति केंद्रीय अध्यक्ष टाईगर जयराम महतो और युवा मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष कुश महतो के निदेर्शानुसार जेबीकेएसएस युवा मोर्चा का संगठन सह बुथ कमिटी का विस्तार गोविंदपुर प्रखंड के मरिचो पंचायत और तिलैया पंचायत में किया गया जिसमें ग्राम सभा के द्वारा सर्वसम्मति पूर्ण समर्थन मत से मरिचो पंचायत के लोकसभा प्रभारी हीरालाल महतो अध्यक्ष हैदर अंसारी सचिव विजय महतो उपाध्यक्ष मुकशेद अंसारी अनवर अंसारी, कोषाध्यक्ष द्वारिका दास मिडिया प्रभारी अफजल अंसारी,और तिलैया पंचायत के लोकसभा प्रभारी परमानंद महतो अध्यक्ष संजय कुमार महतो सचिव धनंजय महतो उपाध्यक्ष सुखलाल हेंब्रम उमेश कुमार महतो, कोषाध्यक्ष शंभुनाथ महतो मिडिया प्रभारी राजेंद्र महतो , महिला मोर्चा अध्यक्ष रुपा कुमारी सचिव सुमित्रा कुमारी सह सचिव नमिता कुमारी उपाध्यक्ष मीना देवी कोषाध्यक्ष सरस्वती देवी के साथ साथ मरिचो और तिलैया पंचायत के गणमान्य बुद्धिजीवियों को जेबीकेएसएस के सदस्यों के रूप में ग्राम सभा बैठक के द्वारा चयनित सह शपथ ग्रहण किया गया मौके पर उपस्थित जेबीकेएसएस के जिला अध्यक्ष निर्मल महतो धनबाद जिला मिडिया प्रभारी युवा क्रांतिकारी रंजीत कुमार महतो केंद्रीय उपाध्यक्ष छोटू रजक जिला उपाध्यक्ष मधुसूदन महतो, उपाध्यक्ष प्रेम रजक वरीय उपाध्यक्ष मंताज अंसारी संगठन मंत्री गुड्डू अंसारी, जिला कोषाध्यक्ष पप्पू पहाड़ी महतो आदि सभी उपस्थित हुए।

**उपलब्धियां**

### उच्च शिक्षा के विकास में पीएम उषा मिल का पत्थर होगा

# शिक्षकों की कमी दूर करने की जरुरत: अन्नपूर्णा

राष्ट्रीय खबर



**हजारीबाग:** पिछले 10 वर्षों में भारत के शिक्षा के क्षेत्र में जो युगांतरकारी उपलब्धियां हासिल की गई है उसमें पीएम उषा मिल का पत्थर है। यह पीएम रूस का नया संस्करण है। उक्त बातें माननीय केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री एवं कोडरमा के माननीय सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कही। वे आज बतौर मुख्य अतिथि विनोबा भावे विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के तत्वाधान में बहु अनुशासनात्मक शिक्षा एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय मेरु कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर संबोधन कर रही थी। उन्होंने कहा कि 2047 में हम स्वतंत्रता के 100 वर्ष मनाएंगे। उस समय हम कैसा भारत चाहते हैं इसी को निर्धारित करता है प्रधानमंत्री जी का विकसित भारत अभियान। इसमें शिक्षा क्षेत्र का महत्वपूर्ण योगदान होगा। यही कारण है की विश्वविद्यालय के सशक्तिकरण पर इतनी बड़ी राशि का निवेश किया जा रहा है। झारखंड बिहार से केवल विनोबा भावे विश्वविद्यालय को इतनी बड़ी राशि उपलब्ध कराए जाने पर अन्नपूर्णा देवी ने विनोबा भावे विश्वविद्यालय की ओर से प्रधानमंत्री से नरेंद्र मोदी एवं शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि विनोबा भावे विश्वविद्यालय के 32 वर्ष हो गए हैं। उन्होंने आगे कहा मैं आज इस मंच से आग्रह करती हूं कि हम सब विकसित भारत बनाने के संकल्प के साथ आज से ही कार्य प्रारंभ करें। अन्नपूर्णा देवी ने कहा हमारे विद्यार्थियों में प्रतिभा की कमी नहीं है। सिर्फ उन्हें अवसर उपलब्ध कराने की जरूरत है। राज्यों को उच्च शिक्षा प्रणाली में सुधार करने के कार्य करने पड़ेंगे। उन्होंने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षकों की कमी पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने आगे बताया कि उच्च शिक्षा में अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति एवं महिलाओं के साथ-साथ कुल नामांकन में वृद्धि, विश्व में स्टेम शिक्षा कार्यक्रम में सर्वाधिक महिलाओं को जोड़ने वाला राष्ट्र बनने की ख्याति, भारतीय भाषाओं में उच्चतर स्तर तक अध्ययन-अध्यापन जैसे कई बिंदुओं के माध्यम से नई शिक्षा नीति ने सभी को आगे बढ़ने का कार्य प्रारंभ किया है। उन्होंने व्यंग्य भरे अंदाज में कहा कि मैं उन सब का सलाम करता हूं जिन लोगों ने ऐसे कार्यक्रमो की अनुमति दी, जिन लोगों ने इस कार्यक्रम को आयोजित किया और जिन लोगों ने इस कार्यक्रम के आयोजन को चुपचाप बर्दाश्त किया। यदि इस प्रकार विश्वविद्यालय परिसर का दुरुपयोग होता रहेगा तो सरकार कितनी भी पैसे खर्च करें विश्वविद्यालय की स्थिति बिगड़ी रहेगी।

## न्यूज फटाफट

### कुलपति नें शैक्षिक समस्याओं को लेकर शिक्षा राज्य मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**हजारीबाग:** हजारीबाग रुसा के कार्यक्रम में विनोबा भावे विश्वविद्यालय में उपस्थित केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, चतरा सांसद सुनील सिंह, सदर विधायक मनीष जयसवाल आयुक्त सह कुलपति को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा विनोबा भावे विश्वविद्यालय में स्थाई कुलपति नियुक्ति एवं यूनिवर्सिटी लॉ कॉलेज के शैक्षिक समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। विनोबा भावे विश्वविद्यालय में पिछले 9 माह से स्थाई कुलपति नहीं है जिसके कारण विद्यार्थियों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है सारे महाविद्यालय में अनेक प्रकार के समस्या विद्यमान है जिसे कोई सुनने वाला नहीं है। यूनिवर्सिटी लॉ कॉलेज के सत्र 2022-2025 एवं 2022-2027 के सेमेस्टर के विद्यार्थियों का नामांकन प्रवेश परीक्षा के माध्यम से हुआ था जिसमें विद्याथीर्यों ने प्रवेश परीक्षा पास कर विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित कट आफ मार्क्स के आधार पर नामांकन लिया था बाकी बचे सीटों पर तत्कालीन प्राचार्य डॉ जयदीप सान्याल ने सेल्फ फाइनेंस कोर्स का हवाला देते हुए 82 विद्यार्थियों का नामांकन लिया था। आज करीब 2 साल बीतने को है लेकिन अभी तक विद्यार्थी दर-दर की ठोकरे खा रहे हैं। बाद में स्पेशल एंट्रेंस एग्जाम भी लिया गया लेकिन उसके रिजल्ट में मात्र 6 बच्चे उत्तीर्ण हुए बाकी शेष बचे हुए विद्याथीर्यों के नामांकन पर तलवार लटका हुआ है। ना ही उनका परीक्षा हो रहा है और ना ही क्लास हो रहा है। विद्यार्थी परिषद ने मांग किया जल्द से जल्द विश्वविद्यालय में स्थाई कुलपति नियुक्त किया जाए साथ ही लॉ कॉलेज के विद्याथीर्यों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए सहानुभूतिपूर्वक निर्णय लिया जाए। मुख्य रूप से राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य नवलेश सिंह, जिला संयोजक प्रभात कुमार,नगर मंत्री रुद्र राज,सह मंत्री यशवंत कुमार,जिला कला संस्कृति प्रमुख तुषार सिन्हा, लॉ कॉलेज इकाई अध्यक्ष शुभम कुमार,मंत्री शुभ सिंह,शेखर शर्मा, चिन्मय भारद्वाज, रंजीत यादव, विवेक ठाकुर,पीयूष ,दीपक पाण्डेय,प्रशांत कुमार,अंशु सिंह,गौतम, विद्या कुमारी उपस्थित रहें।

# थाना प्रभारी ने हटाया जाम

राष्ट्रीय खबर



**हजारीबाग:** हजारीबाग जिले के बड़कागांव थाना प्रभारी द्वारा पदभार ग्रहण करने के दूसरे दिन बड़कागांव मुख्य चौक पर जाम की स्थिति देख स्वयं ट्रैफिक पुलिस बन जाम को हटाया गया। इसका नजारा सोमवार को बड़कागांव मुख्य चौक में लोगों को देखने को मिला। इन्होंने कहा कि विधि व्यवस्था को दुरुस्त रखना हमारी सबसे पहली प्राथमिकता है। इसके अलावा सिंह ने बड़कागांव के सभी बैंकों का निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान थाना प्रभारी ने बैंक ऑफ इंडिया,भारतीय स्टेट बैंक, आईडीबीआई बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बडौदा, एक्सिस बैंक का निरीक्षण किया। इस दौरान शाखा प्रबंधकों से बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरा को चालू रखने, बैंक के बाहर ग्राहकों द्वारा दो-चार पहिया वाहनों को सड़क पर ना रखने का निर्देश दिया। उन्होंने ग्राहकों से कहा कि बैंक से निकाले गए राशि को गाड़ी की टिक्की में ना रखें।

साथ ही चौक चौराहों पर लगे जाम से छुटकारा पाने के लिए मोटरसाइकिल चालक, दुकानदारों को से अपील किया गया कि रोड पर किसी भी कीमत में वाहनों को न रखें। उन्होंने आगे कहा कि पहले वाहन मालिक को एवं दुकानदारों को अपील की जाएगी कि पक्की सड़क तक दुकान नहीं लगावे न हीं पक्की सड़क पर वाहन का पार्किंग करें। नहीं मानने पर अतिक्रमण संबंधित कार्रवाई की जाएगी।

# मुखिया पर लगा पैसा लेने का आरोप

राष्ट्रीय खबर



**इचाक:** इचाक प्रखंड के मगुरा पंचायत अंतर्गत जमुवारी गांव की महिला अंजू देवी ने मुखिया मीना देवी पर अबुआ आवास दिलाने के नाम पर रिश्वत लेने तथा अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया है। महिला ने डीसी नैंसी सहाय को जनता दरबार में एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी के दर्जनों ग्रामीण हस्ताक्षर युक्त दिए आवेदन में कहा है कि मेरी विधवा नंदद मोसमत सुदामियां देवी का कच्चा जर्जर मकान पिछले साल बरसात में पूरी तरह से गिर चुका है। जिसे आबुवा आवास दिलाने के नाम पर मुखिया मीना देवी ने वार्ड संख्या 13 के सदस्य बेबी गिरी के माध्यम से चार हजार बतौर रिश्वत के लिया है। जिसके बाद भी मेरी ननद का नाम अबुवा आवास की सूची में नहीं है। जिसके बारे में पूछने पर मुखिया द्वारा मेरे साथ अभद्र व्यवहार किया गया। अंजू देवी ने यह भी कहा कि पैसा लेनदेन के मामले में गांव में पंचायत भी हो चुका है। मुखिया के पति रामशरण शर्मा देवकुली संकुल के शिक्षा विभाग में साधन सेवी (सीआरपी)और पत्रकार है।जो पत्रकारिता का रौब दिखाते हुए कहता है कि जो करना, जहां जाना है,चले जाओ पूरा तंत्र भ्रष्ट है।मुखिया मीना देवी से फोन पर पक्ष लेने का प्रयास किया किंतु उन्होंने फोन नहीं रिसीव किया।

### बैंक ऑफ इंडिया में शाखा अदालत का आयोजन



**चौपारण :** मंगलवार को चीफ मैनेजर शिवाजी भारद्वाज के नेतृत्व मे बैंक ऑफ इंडिया के दादपुर शाखा के द्वारा शाखा अदालत का आयोजन किया गया। इस अदालत मे 118 खातों का समझौता किया गया। जिसमे कुल एक करोड़ बत्तीस लाख रूपए बकाया थे। इस अदालत मे मुख्य रूप से चीफ मैनेजर शिवाजी भारद्वाज, दादपुर शाखा के प्रबंधक मनीष कुमार मिश्रा, पंकज कुमार शर्मा(वसूली विभाग आंचलिक कार्यालय)पीयूष कुमार कौशिक(अधिकारी), बी सी मुकेश नायक, राधेश्याम दांगी, संजीत कुमार दांगी, अरिंदम कुमार सिंह, नागेंद्र कुशवाहा, बैंक सखी सोनी कुमारी, बैंक सहायक राजकुमार चंद्रवंशी, जितेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे। इस शाखा अदालत मे केसीसी, मुद्रा ऋण आदि ऋण का बैंक के आकर्षक योजनाओं द्वारा समझौता किया गया। इस लोक अदालत मे जो ऋण धारक एक मुश्त समझौता राशि जमा किया उसे चीफ मैनेजर के द्वारा नो ड्यूज सर्टिफिकेट भी प्रदान कर दिया गया। चीफ मैनेजर शिवाजी भारद्वाज ने पत्रकारों को बताया की इस तरह शाखा अदालत को संचालन करने का बैंक का मुख्य उदेश्य वैसे लोगो को लाभ पहूँचाना है जो आर्थिक तंगी एवं सूखा ग्रसित के कारण ऋण के बोझ के तले तबे हुए है। ग्राहकों के रुझान को देखते हुए उन्होंने बताया कि बैंक शीघ्र ही यहां पर और भी शाखा अदालत लगाने के लिए विचार करेगी क्योंकि बैंक इस एक मुश्त समझौता योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों को देना चाहती है। साथ ही उन्होंने कहा कि इस शाखा अदालत मे जो एनपीए ऋण धारक जान बुझ कर समझौता नहीं कराया उस पर कानूनी करवाई की भी प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी।

# चिकित्सा शिविर में 115 का मुफ्त इलाज

राष्ट्रीय खबर



**बड़कागांव:** बड़कागांव गुरु चट्टी स्थित एनटीपीसी के सामुदायिक भवन प्रांगण में एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोल माइंस के सौजन्य से चिकित्सा शिविर का आयोजन समाजसेवी मोहम्मद साबिर के नेतृत्व में लगाया गया। उक्त सिविल में 115 मरीज का इलाज डॉक्टर सागर कुमार एवं डॉक्टर विदुषी कुमारी के द्वारा किया गया। सिविर को संबोधित करते हुए परियोजना के वरिष्ठ प्रबंधक कमलाराम रजक ने कहा कि परियोजना के पोषक क्षेत्र में आए दिन समय-समय पर चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है। इसी आलोक में ग्रामीणों के मांग पर गुरु चट्टी में भी चिकित्सा सिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर अपना इलाज कराया साथ ही साथ सभी मरीजों को आवश्यकता अनुसार डॉक्टर के सलाह पर मुफ्त दवा भी दिया गया। श्री रजक ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा इस तरह की शिविर लगाने का भविष्य में भी आग्रह किया गया। मौके पर वीरेंद्र कुमार, कुलदीप ओझा, फुलाशो कुमारी, बजरंगी कुमार सहित अन्य लोगों ने शिविर में सहयोग कर रहे थे।

# जेएमएम प्रखंड कमेटी ने निकाला न्याय यात्रा

राष्ट्रीय खबर



**हजारीबाग:** जेएमएम चौपारण प्रखंड अध्यक्ष उज्वल सिंह की अगुवाई में न्याय पदयात्रा निकाला गया, पदयात्रा की शुरूआत चोरदाहा से दनुवा,सांझा होते हुए चतरा मोड़ तक पहुंचा और कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाप जमकर नारेबाजी करते हुए कहा कि केंद्र सरकार होश में आओ, जेल का ताला टूटेगा, हेमंत सोरेन छूटेगा। पूर्व जिला उपाध्यक्ष बीरेंद्र राणा ने कहा कि केंद्र सरकार आदिवासियों के जन जन के नेता की राजनीतिक छवि धूमिल करने का प्रयास कर रही है मुख्यमंत्री की रिहाई के लिए पूर्व जिला उपाध्यक्ष व प्रखंड अध्यक्ष से चोरदाहा स्थित देवी मंदिर में पूजा अर्चना भी की मौके पर भीम राणा ,कैलाश यादव, गुड्डु कुमार, अनिल सिंह ,राजेश कुमार , बबिता देवी, सविता देवी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, में दीक्षा समारोह का आयोजन



**हजारीबाग:** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली, हजारीबाग में कक्षा 11वीं के द्वारा कक्षा 12वीं के भैया- बहनों के लिए दीक्षा समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आचार्य बंधु-भगिनी सहित कक्षा एकादश एवं द्वादश के भैया- बहन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं माता सरस्वती वंदना के साथ हुआ जिसमें समिति के सदस्य संजय उपाध्याय और विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर राजीव रंजन उपस्थित थे। स्नेह मिलन कार्यक्रम में स्वागत गीत, विदाई गीत,सामूहिक गीत, नृत्य एवं अनुभव कथन जैसे कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर कक्षा द्वादश की बहन उन्नति, शालिनी, प्राची,स्वाति रंजन, सृष्टि आदि ने विद्यालय में बिताए गए अपने समय और अनुभव को एक दूसरे से साझा किया। भैया-बहनों ने कहा हम लोग भाग्यशाली है कि ऐसे संस्थान में हमने अपनी पढ़ाई पूरी की जहां हमें भविष्य के लिए एक अच्छी नीव प्रदान की गई। मौके पर समिति सदस्य, संजय उपाध्याय ने भैया-बहनों को उनके आगामी जीवन की शुभकामनाएं देते हुए कहा आप सभी पढ़ लिख कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। आप सभी अपने माता-पिता एवं विद्यालय का नाम रोशन करेंगे। विद्यालय में दी गई संस्कार युक्त शिक्षा एवं अनुशासन का पालन करते हुए राष्ट्रधर्म का निर्वहन करेंगे' मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य, डॉक्टर राजीव रंजन ने कहा हमारी संस्था में विदाई जैसा कोई शब्द नहीं होता और हम अपने भैया-बहनों को विदा नहीं करते। हम उन्हें उच्च और उच्चतर शिक्षा के लिए उन्हें यहां से विदा करते हैं। यह विद्यालय समाज का है और भैया-बहन भी समाज के है इस कारण उनका जुड़ाव आजीवन होता है। प्रभारी प्रधानाचार्य ने कहा भैया बहन आपका विद्यालय में बिताया गया समय अविस्मरणीय है और आजीवन अविस्मरणीय बना रहता है। उन्होंने कहा कि हम आप सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। कार्यक्रम में अतिथियों का परिचय मनिका दीदी जी एवं धन्यवाद ज्ञापन आचार्य विनीत कुमार वर्मा ने किया मंच संचालन बहन नियति एवं गुनगुन ने किया मौके पर कक्षा एकादश एवं द्वादश के भैया-बहन एवं आचार्य उपस्थित थे।

**सम्मान**

### प्रेस क्लब हजारीबाग में डीपीआरओ को किया गया सम्मानित

# पत्रकारों को मिलता रहेगा सहयोग: रोहित

राष्ट्रीय खबर



**हजारीबाग:** प्रेस क्लब हजारीबाग ने नई परंपरा की शुरूआत करते हुए मंगलवार को सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों का स्वागत व सम्मान झील रोड स्थित कार्यालय कैंपस में समारोह आयोजित कर किया। समारोह में दोनों डीपीआरओ और वरिष्ठ पत्रकार अभिजीत सेन को बुके और शॉल भेंट कर स्वागत व सम्मानित किया गया। मौके पर हजारीबाग में पदस्थापित होने वाले डीपीआरओ रोहित कुमार और वर्तमान जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव का भव्य स्वागत व सम्मान किया गया। इस अवसर पर डीपीआरओ रोहित कुमार ने कहा कि पूर्व की भांति खबरों में पत्रकारों को विभागीय सहयोग मिलता रहेगा। प्रशासनिक कार्यक्रमों की हर गतिविधियों को पारदर्शी तरीके से समय पर पत्रकार कवरेज कर पाएंगे। पत्रकारों से भी वह सहयोग की उम्मीद रखते हैं। वर्तमान डीपीआरओ पंचानन उरांव ने कहा कि यह बहुत ही भावुक क्षण है। पिछले चार वर्षों से हजारीबाग के पत्रकारों का असीम स्नेह व सहयोग मिला। इसे वह कभी भूल नहीं पाएंगे। उन्होंने कहा कि ऐसी परंपरा कहीं नहीं देखी कि सूचना जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों का इस तरह से भव्य स्वागत व सम्मान प्रेस क्लब की ओर से किया गया। प्रेस क्लब हजारीबाग के अध्यक्ष उमेश प्रताप ने कहा कि सूचनाओं के आदान-प्रदान के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने की नए डीपीआरओ से अपेक्षा है। प्रशासन और जनता के बीच की कड़ी पत्रकार होते हैं। उन्होंने डीपीआरओ पंचानन उरांव, एडीपीआरओ परिमल कुमार समेत सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की पूरी टीम के कार्यों को सराहा। साथ ही समाहरणालय में पत्रकारों कों अखबारों के अध्ययन के लिए पुस्तकालय की व्यवस्था करने समेत कई आवश्यक सुझाव दिए। कार्यक्रम को प्रेस क्लब के सचिव मिथिलेश मिश्र, उपाध्यक्ष उमेश राणा, वरिष्ठ पत्रकार अभिजीत सेन, डा. प्रसन्न मिश्र, कोषाध्यक्ष अमरनाथ पाठक, सूचना अधिकार मंच के गणेश कुमार सीटू, सामाजिक कार्यकर्ता बटेश्वर प्रसाद मेहता आदि ने संबोधित किया। मंच संचालन कार्यकारिणी सदस्य प्रकाश पांडेय व धन्यवाद ज्ञापन प्रेस क्लब के अध्यक्ष ने किया। मौके पर प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष अभय सिंह, संयुक्त सचिव नवीन कुमार सिन्हा, कार्यकारिणी सदस्य बबलू कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता मनोज गुप्ता, संस्कृतिकर्मी हंसराज लोहरा, तरंग ग्रुप के निदेशक अमित कुमार गुप्ता समेत कई लोग उपस्थित थे।

## प्रदेश >> अपडेट

### जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्याएं

**पाकुड़ :** उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर लोगों की समस्या से अवगत हुए। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे लोगों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समास्याओं से अवगत कराते हुए समाधान हेतु अनुरोध किया। उपायुक्त ने समास्याओं का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायधीश एसएन पाठक इटखोरी पहुंचें

**चतरा:** जिले के इटखोरी में तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव का आयोजन 19,20 एवं 21 फरवरी को किया जा रहा है। कार्यक्रम के पहले दिन 19 फरवरी को झारखंड उच्च न्यायालय के माननीय न्यायधीश एस एन पाठक इटखोरी पहुंच कार्यक्रम में पहुंचे। माननीय के आगमन पर प्रभारी जिला एवं सत्र न्यायधीश राजेश कुमार सिंह, उपायुक्त अबु इमरान व पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। माननीय न्यायधीश ने कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी कलाकारों की सरहना करते हुए उनका उत्साह वर्धन किया। पहले दिन 19 फरवरी को बिपिन मिश्रा शंख वादन एवं डमरू वादन, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय इटखोरी,मुकुंद नायक एवं ग्रुप मदार्नी झूमर/झूमट/डोमकच, सत्या ठाकुर एवं ग्रुप चावर पाइका नृत्य, अल्ताफ राजा संगीत, अक्षरा सिंह लोकगीत गाकर लाखो के संख्या में उपस्थित दर्शक को मंच से लोगों का मनोरंजन किया। दर्शक लोगों ने भी अपने मोबाइल फ्लैस लाइट जलाकर उत्साह बढ़ाया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### न्याय मार्च निकालकर केंद्र सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

**पाकुड़ :** प्रखंड अंतर्गत झामुमो कार्यकताओं ने कालीदासपुर पंचायत में न्याय मार्च निकाल हेमंत सोरेन के समर्थन में नारेबाजी की व आने वाले समय में भाजपा को वोट के माध्यम से झारखंड से बाहर करने का संकल्प लिया। न्याय यात्रा झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मुसलेउद्दीन शेख के नेतृत्व में निकल गया। उन्होंने कहा कि झारखंड के वीर योद्धा हेमंत सोरेन के खिलाफ केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा षड्यंत्रपूर्वक कार्रवाई करने के विरोध में पदयात्रा सह न्याय मार्च निकालकर अपने नेता हेमंत सोरेन के लिए न्याय की मांग है। कहा की आने वाले समय में संविधान विरोधी तानाशाही भाजपा को वोट के माध्यम से झारखंड से बाहर करने का काम जनता करेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित महिला मोर्चा के जिला सचिव सुशीला देवी ,झामुमों प्रखंड सचिव राजेश सरकार, महिला जिला संगठन सचिव सुशीला हेंब्रम, प्रखंड महिला अध्यक्ष मीनू मुर्मू ,युवा प्रखंड उपाध्यक्ष प्रकाश हांसदा, पंचायत अध्यक्ष बुलाई हांसदा ,नाजिम शेख, मंगल मुर्मू , सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### तेरह दिवसीय कॉस्ट्यूम ज्वैलरी प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

**पाकुड़ :** सदर प्रखंड के सोनाजोड़ी में स्थित भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी)पाकुड़ की ओर से आयोजित तेरह दिवसीय कॉस्ट्यूम ज्वैलरी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। प्रशिक्षण प्राप्त 25 महिलाओं को निदेशक आरसेटी कृष्णा दास, जिला प्रबंधक जेएसएलपीएस शुभम कुमार, इस्माइल शेख और संस्थान के वरिष्ठ संकाय अमित कुमार बर्धन ने संयुक्त रुप से प्रमाणपत्र दिए।

## ज्ञान

### पुस्तकालय में हो जाती है कभी-कभी जगह की कमी

# आम नागरिक एवं विद्यार्थी पुस्तकालय से उठा रहे हैं लाभ

- पुस्तकालय के अंदर छोटे-बड़े तीन कमरे हैं
- छात्र वाईफाई से सुविधा प्राप्त कर सकते है



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** पाकुड़ राज प्लस टू हाई स्कूल रोड नगर थाना के समीप सरस्वती पुस्तकालय जो वर्तमान में नाम बदलकर मास्टर सोबरान मांझी पुस्तकालय के नाम से जाना जाता है। जिसकी स्थापना 1945 में की गई थी आज भी कायम है और वर्तमान समय में बहुत अच्छा रिस्पांस है। इस पुस्तकालय से खासकर विद्यार्थियों को काफी सहूलियत मिल रही है और उसका लाभ छात्र उठा रहे हैं। पुस्तकालय के अंदर छोटे-बड़े तीन कमरे हैं। पंखा एसी एवं वाईफाई से सुसज्जित है। हियाजुल अंसारी पुस्तकालय इंचार्ज ने बताया कि यहां सुबह 8:00 बजे से रात्रि के 10:00 बजे तक अधिकांशत छात्र अध्ययन के लिए आते हैं। कभी-कभी जगह की कमी भी हो जाती है। छात्र अपनी इच्छा अनुसार जेएसएससी आदि प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करते हैं। अखबार पढ़ते हैं विभिन्न महापुरुष आदि की जीवनी पढ़ते हैं। बैठने की पर्याप्त व्यवस्था है कभी-कभी ऐसा होता है की जगह की कमी हो जाती है। पुस्तकालय में पेयजल की भी व्यवस्था की गई है। यहां पढ़ने के लिए काफी सुविधा प्राप्त है। छात्र वाईफाई से सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। विद्यार्थियों को इसका लाभ उठाना चाहिए। कोई भी आम व्यक्ति प्रतिदिन पुस्तकालय में आकर निशुल्क पुस्तक पेपर का अध्ययन कर सकते हैं। अलग-अलग समय में कार्य श्रेणी बाकी गई है। हफीजुल ,उम्मीद साहा, तुषिफ अंसारी, हरिना बीबी, का विशेष ड्यूटी पुस्तकालय में दिया गया है जो अपने समय पर आकर अपनी ड्यूटी पूरा करते हैं। देखा गया कि पुस्तकालय के ऊपर सीढ़ी बनी हुई है यदि छाते पर मंजिल बना दिया जाए तो आम गणमान्य लोग के साथ-साथ विद्यार्थियों को इस पुस्तकालय से काफी लाभ मिलेगा। छात्राओं के लिए अलग से कोई व्यवस्था नहीं है। इसकी व्यवस्था होनी चाहिए। पुस्तकालय के ऊपर छाते में काफी जगह खाली पड़ा है उस पर निर्माण कर पुस्तकालय का दायरा बढ़ाया जा सकता है।

## अवैध जावा महुआ बरामद



राष्ट्रीय खबर

**मेदनीनगर:** उत्पाद अधीक्षक के आदेशानुसार उत्पाद पुलिस कर्मियों के द्वारा मंगलवार को नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम अटवाखाड़ गांव में अवैध महुआ शराब के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी अभियान के क्रम में उत्पाद विभाग के पुलिस कर्मियों ने प्रमोद साव के घर से 60 लीटर अवैध महुआ शराब और 4000 केजी अवैध जावा महुआ को बरामद किया है।बताते चले की उत्पाद अधीक्षक के द्वारा लगातार पलामू जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अवैध महुआ शराब के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। वहीं अवैध महुआ शराब बेचने वाले अन्य लोगों को गिरफ्तार कर जेल भी भेजा जा रहा है।

# बाइक चोर गिरोह का हुआ पदार्फाश, पांच गिरफ्तार



राष्ट्रीय खबर

**पलामू:** हुसैनाबाद पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का पदार्फाश किया है। वही चोर गिरोह का मास्टरमाइंड समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है, साथ ही चोरी की आठ बाइक बरामद की गई है। इस संबंध में हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया की बीते 18फरवरी को नबीनगर थाना क्षेत्र निवासी गोविंद सिंह ने हुसैनाबाद थाना में बाइक चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराई थी, बाइक चोरी की मामले को लेकर हुसैनाबाद एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो के निर्देश पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह के नृतव्व में एक टीम गठित कर बाइक चोरों के खिलाफ अभियान चलाया गया , अभियान के दौरान चोरी हुई बाइक के साथ सबसे पहले हुसैनाबाद नहर मोड़ निवासी वी रोहित कुमार ऊर्फ लड्डू को दबोचा गया पुलिस द्वारा पूछ ताक्ष में रोहित कुमार के निशानदेही पर चोरी की सात बाइक बरामद की गई, साथ ही संगत मोहल्ला निवासी रामजी दास ऊर्फ गोलू, मोकबरा रोड निवासी अमन कुमार ऊर्फ बटेर, ग्राम टेटा थाना हुसैनाबाद निवासी आदित्य वर्धन सिंह ऊर्फ सुडू , हैदरनगर थाना क्षेत्र के कुकही गांव निवासी पवन कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो ने बताया की पूर्व भी रोहित कुमार ऊर्फ लड्डू बाइक चोरी के आरोप में जेल जा चुका है, इस छापेमारी अभियान में एएसआई बीर बहादुर सिंह, बीरेंद्र खाका, हवलदार राजमोहन राम ,रविकांत कुमार, चौकीदार सैयद मोहम्मद, अमित कुमार आदि उपस्थित थे।

# जवाहर नवोदय विद्यालय के नवनिर्मित भवन का पीएम ने किया उद्घाटन



राष्ट्रीय खबर

**पलामू:** जिले में एक जवाहर नवोदय विद्यालय होता है। पलामू में दूसरा जवाहर नवोदय विद्यालय पिछले कार्यकाल के दौरान खुलवा कर उसमे पठन पाठन कार्य शुरू कराया। उक्त बातें हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कही। उन्होंने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय 2 का उद्घाटन वर्चुअल करने पर उनका आभार जताया है। उन्होंने कहा कि जवाहर नवोदय विद्यालय जपला का भवन निर्माण दस वर्षो तक आधार में लटका रहा। इस कार्यकाल में दिलचस्पी लेकर लंगरकोर्ट में भूमि उपलब्ध करा कर भवन निर्माण में आने वाली बाधाओं को दूर कर निर्माण कार्य को गति देने का काम किया। श्री सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद को एक अच्छा स्कूल मिलना काफी खुशी और गर्व की बात है।उससे भी बड़ी गर्व की बात यह है की वर्चुअल ही सही इसका उद्घाटन जन जन के नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कर कमलों से किया गया। विधायक ने कहा कि उनके चुनाव हारने के बाद किसी जनप्रतिनिधि ने एक बार भी भवन निर्माण की दिशा में प्रयास नहीं किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय का भवन निर्माण के साथ साथ लंगारकोट पहाड़ी को पर्यटक स्थल घोषित कराने का भी काम किया गया है। विद्यालय के साथ साथ आस पास के क्षेत्र में लोग घूमने फिरने आयेंगे। इससे उस क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उन्होंने कई उत्कृष्ट कार्य किए हैं। जिससे जनता वाकिफ है। आने वाले दिनों में शिक्षा के क्षेत्र में और भी विकास होगा। जिसमे सरकार के डिग्री कालेज के नवनिर्मित भवन में पढ़ाई शुरू कराने में वह जुटे हैं। इसके शुरू हो जाने से क्षेत्र के विद्यार्थी काफी कम खर्च कर उच्च शिक्षा पा सकेंगे।

# झामुमो ने आक्रोशपूर्ण न्याय पद यात्रा निकाली




राष्ट्रीय खबर

**चंदवा:** झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यकताओं द्वारा इन दिनों गांव-गांव में न्याय पदयात्रा निकाली जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार को चंदवा प्रखंड के बोदा पंचायत में न्याय पदयात्रा निकली गयी। जानकारी देते हुए झामुमो प्रखंड सचिव मो. इजहार ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को साजिश के तहत फसाया गया है केंद्र शासित भाजपा की सरकार केंद्रीय एजेंसी ईडी के माध्यम से झूठा मुकदमा में जेल भेजा गया। राज्य का विकास केंद्र शासित भाजपा सरकार को रास नहीं आ रही थी। जिला उपाध्यक्ष शितमोहन मुंडा ने कहा कि हेमंत सरकार आदिवासियों के हित में हमेशा काम करते रहे थे हर क्षेत्र में गरीब दलित आदिवासी पिछड़ा वर्ग हर तपते के लोगों के लिए विकास कर राज्य का भला कर रहे थे। मौके पर युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष डब्लू प्रजापति, युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रजापति के अलावे मनोज चौधरी, विनय पासवान, सुधीर गंझू, सेराज अंसारी, सुमन सुनील सोरेंग, रनथू गंझू, राजेश कुमार, रतनु गंझू समेत सैकड़ों महिला-पुरुष कार्यकर्ता मौजूद थे।

## हादसा

### सीमा पर दुश्मनों के दांत खट्टे कर देने वाले जवान थे अमीत

# बीएसएफ के जवान की रेल हादसे में मौत

- परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है
- जवान अमित घर का अकेला कमाऊ व्यक्ति था

राष्ट्रीय खबर



**चतरा :**गुजरात में ड्यूटी कर के छूटी बिताने के लिए घर वापस आ रहे बीएसएफ जवान अमित कुमार दांगी का रेल हादसा में मौत हो गई हालांकि हादसा के कारणों की अब तक कोई पता नहीं चल पाया है,बीएसएफ जवान प्रखंड के कोल्हैया पंचायत अंतर्गत छेवटा गांव निवासी अरुण दांगी के पुत्र था।जवान के इस तरह से अचानक आकस्मिक मौत से पूरा प्रखंड में शोक की लहर दौड़ पड़ी है।परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।घटना की सूचना मिलने के बाद जवान के परिजन शव लाने के लिए इलाहाबाद गए हुवे है।उम्मीद जताया जा रहा है की मंगलवार सुबह तक शव पैतृक गांव पहुंच सकती है

**2019 में सीमा पर दुश्मनों के दांत खट्टा कर दिए थे शहीद जवान अमीत**

आपको बता दे की 2019 में कश्मीर में भारत-पाक शिमा पर आतंकियों द्वारा घुस पैठ कर अचानक हमला कर दिया गाय था उस वक्त जवान अमित दुश्मनों के दांत खट्टा कर दिए थे इस दौरान शहिद जवान अमित के सीने में तीन गोली भी लगी थी बावजूद इसके दुश्मनों से लोहा लेते रहे थे और अंत में आतंकियों को पीछे हटने पर मजबूर भी किए थे।

**2020 में सेना प्रमुख जनरल बिपिन रावत के हाथो जवान को दिया गया था वीरता पुरस्कार**

दुश्मनों से लोहा लेते हुए तीन गोली खाने वाले अमित कुमार को 2020 ई में उस वक्त सेना प्रमुख रहे जनरल बिपिन रावत के द्वारा जवान अमित कुमार को वीरता पुरस्कार देते हुवे बैच लगाकर सम्मानित किया गया था।घर के चिराग था अमित,भाई व पिता करते है किसानी के काम आपको बता दे की जवान अमित घर का अकेला कमाऊ व्यक्ति था।2011 में बीएसएफ में नौकरी लगने बाद घर के पूरा जिम्मेवारी इन्ही के कंधो पर थी।अमित के दो बेटी है जिसका नाम दिया और दृष्टि है।परिवार में एक भाई और एक बहन होते है,जिसमे ये छोटा भाई था बड़ा भाई व पिता घर में खेती किसानी का काम करते हैं,अमित के अचानक यू चले जाने से परिवार वालों पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा है सभी के रो रोकर बुरा हाल है।

## न्यूज फटाफट

### दो सब जोनल कमांडर व एरिया कमांडर गिरफ्तार



**चतरा :** पुलिस ने आतंक का पर्याय बन चुके टीएसपीसी उग्रवादी के दो सब जोनल कमांडर और एक एरिया कमांडर को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार के नेतृत्व में गठित पिपरवार थाना पुलिस की स्पेशल टीम ने जय अंबे ट्रांसपोर्ट कम्पनी के हाइवे में आगजनी समेत कई अन्य घटनाओ का मास्टरमाइंड इरफान अंसारी उर्फ तूफान, शोभित शर्मा उर्फ राजा उर्फ अभिषेक सब जोनल कमांडर है जबकि संदीप लोहरा उर्फ बलबंत शामिल है। पुलिस ने उग्रवादियों के पास से दो देसी कट्टा, 9 चक्र जिंदा गोली, चार मोबाइल, 22 हजार 500 नकद, टीएसपीसी संबंधित नक्सली पर्चा सहित नक्सली सामान बरामद किया गया है। एसपी राकेश रंजन ने बताया कि पीपरवार थाना अंतर्गत ग्राम सिंगर बिलारी में जय अंबे ट्रांसपोर्ट कंपनी के हाईवे में आगजनी की घटना को अंजाम देने वाले मास्टरमाइंड इरफान अंसारी था पिपरवार एवं खलारी थाना क्षेत्र के कोयला व्यवसायी अभिषेक श्रीवास्तव की गोली मार कर निर्मम हत्या की घटना में शामिल में भी शामिल था।

### महिला को गोली मारने का आरोपी गिरफ्तार



**मेदिनीनगर :** शहर थाना क्षेत्र के नावाहाता में 16 फरवरी को घर में घुसकर एक महिला को गोली मार दी गई थी। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए गोली मारने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी बिहार के सीतामढ़ी का रहने वाला है और पलामू में रहकर कारोबार करता है। उधर, गोली लगने से महिला जख्मी हो गई थी। महिला का इलाज फिलहाल मेदिनीनगर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार आरोपी कृष्ण गोस्वामी उर्फ गोलू गोस्वामी मीनाक्षी नामक महिला के घर में किराए पर रहता था। कुछ दिनों पहले उसने मीनाक्षी का घर खाली कर दिया था। घर खाली करने के बाद दोनों के बीच विवाद चल रहा था। इसी विवाद में 16 फरवरी को कृष्ण मीनाक्षी देवी के घर में घुसकर उसे गोली मार दी थी।इस संबंध में शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया कि किराए के विवाद में गोली मारी गई थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गोली मारने के बाद आरोपी भाग गया था। पुलिस ने गुप्त सूचना पर छापेमारी कर आरोपी कृष्ण गोस्वामी को गिरफ्तार कर लिया है।जानकारी के अनुसार गोलू की शादी बिहार के सीतामढ़ी के इलाके में हुई थी। ढाई वर्ष पहले गोलू पत्नी की हत्या के आरोप में जेल में गया था। जेल से बाहर निकलने के बाद गोलू पलामू के इलाके में शिफ्ट हो गया था और मनिहारी का कारोबार कर रहा था। इस दौरान गोलू मीनाक्षी के घर में ही किराया पर रहा करता था। गोलू ने पुलिस को बताया कि फायरिंग के बाद उसने हथियार को कोयल नदी के पुल से नीचे फेंक दिया था।

### परिवारिक विवाद में बाप बेटी घायल



**मेदिनीनगर :** मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर निवासी रहमुद्दीन अंसारी और उनकी बेटी तजबुल खातून को मामूली विवाद में परिवार के लोगों ने लाठी डंडे से पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना के बारे में घायल रहमुद्दीन अंसारी और उनकी बेटी तजबुल खातून ने बताया कि रविवार की सुबह वह अपने घर के पास पुवाल को सूखने के लिए रखे थे। इसी बीच उनका अपना भाई जहरुद्दीन अंसारी वहा पहुंचा और रहमुद्दीन अंसारी को कहा कि तुम हमारे खेत में अपना पुआल क्यों रखे हो अभी तुरंत हटाओ। इसी बीच दोनों भाइयों में बहस होने लगा।बहस इतना बढ़ गया कि जहरूदीन अंसारी और उसका बेटा हसीब अंसारी ने रहमुद्दीन अंसारी और उनकी बेटी को लाठी डंडे से पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा इस घटना की जानकारी मोहम्मदगंज थाना की पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही मोहम्मदगंज थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों बाप बेटी को इलाज के लिए हुसैनाबाद अस्पताल भेजा। जहां इलाज के बाद भी चिकित्सको ने दोनों बाप बेटी की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज के बाद भी दोनों बाप बेटी की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वही इस घटना के बाद से पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।

### निगम की शहरी आवास योजना में अनियमितता, नगर आयुक्त को सोंपा गया ज्ञापन

**देवघर :** सामाजिक नागरिक मंच के बैनर तले मंगलवार को देवघर नगर आयुक्त को एक ज्ञापन सोपा गया, जिसमें निगम द्वारा मोहनपुर के रामपुर में बन रहे शहरी आवास योजना के लाभुक को जल्द से जल्द आवास आवंटित करने की मांग की गई है। साथ ही आवास आवंटन को लेकर हुई अनियमितता की भी जांच करने की मांग की गई है । आरोप लगाया गया है कि, उक्त आवास योजना का आवंटन पैरवी के आधार पर दिया जा रहा है। वैसे लोगों को भी आवास का आवंटन कर दिया गया है जिसे आवास की आवश्यकता भी नहीं है। उन्होंने इसकी जांच की मांग किया है, ताकि सही लोगों को इसका लाभ मिल सके । मौके पर सामाजिक नागरिक मंच के अध्यक्ष विष्णु कांत झा, मिथिलेश कुमार झा , सुनील झा, विनोद कुमार चौधरी, मनोज कुमार सिंह, सुजीत रावत, ईश्वर चंद्र राम सहित कई लोग मौजूद थे।

